RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः 127 , शनिवार, 20 जून 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 ☎ 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया, केक काटकर दी बधाई 03


ऐतिहासिक घोड़दौड़ पोखर को मिलेगी नई पहचान, पर्यटन हब बनाने की दिशा में ... 04

टाइगर प्रिंट ड्रेस में अभिनेत्री दिशा पाटनी ने दिए दिलकश पोज 07

# 500 साल किया, 15 दिन और इंतजार कर लीजिए

● राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर पहली बार बोले सीएम योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** राम मंदिर में चढ़ावा की चोरी की खबरों और एसआईटी जांच के बीच शुक्रवार को पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार बयान दिया। अयोध्या के रुदौली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करने पहुंचे सीएम योगी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से कहा कि आपने राम मंदिर के लिए 500 सालों तक इंतजार किया है। 15 दिन और इंतजार कर लीजिए। ट्रस्ट के कहने पर एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी दूध का दूध पानी का पानी करेगी। कोई अपराधी होगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी ने 15 दिनों तक किसी तरह की बयानबाजी नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि अयोध्या को बदनाम करने वालों के बहकावे में न आएं। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या के बारे में जो समाचार पत्रों में देखने सुनने को मिला। उसके बाद ट्रस्ट के कहने पर हमने एसआईटी जांच बैठाई है।

जब तक जांच हो रही है कोई भी ऐसी अनर्गल बात न हो जो राम भक्तों की भावना को आहत करती हो। यह भी कहा कि किसी के पास इससे संबंधित दस्तावेजी सबूत हों तो एसआईटी को दे दे, वह जांच करेगी। प्रभु श्रीराम ने मर्यादा का पालन करने की प्रेरणा दी है, ऐसे में सभी को मर्यादा का पालन करना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि जांच के बीच बयानबाजी जांच



प्रभावित करती है। जांच के बाद किसी को कोई बात कहनी होगी तो एसआईटी से कह सकते हैं।

### अयोध्या को बदनाम करने वालों के बहकावे में न आएं

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या और श्रीराम जन्मभूमि को बदनाम करने वालों के बहकावे में न आएं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि राम भक्तों और जयश्रीराम का नारा लगाने पर लाठी-गोली चलाने वाले आज उपदेश देने चले हैं। यह लोग नहीं चाहेंगे कि अयोध्या को सम्मान मिले। यह लोग अयोध्या को बदनाम करना चाहते हैं। अयोध्या और यहां के लोगों को अपमानित करते हैं।

### बाबर को मानने वाले लोग राम भक्तों के बदनाम कर रहे

सीएम योगी ने कहा कि जो लोग रामभक्तों को अपमानित करते थे, अपराधियों के कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ते थे। जिन लोगों ने अब तक राम जन्मभूमि में दर्शन नहीं किया, अपने विधायकों को भी जाने से रोका, वह लोग बाबर को मानने वाले लोग हैं। उनके ही विधायक मनोज पांडेय ने जब सभी विधायकों को अयोध्या लाने की बात कही तो उन्हें अखिलेश यादव ने फटकार दिया था। मनोज पांडेय को धुतकार कर भगा दिया था। आज मनोज पांडेय हमारी सरकार में मंत्री हैं। कहा कि यह लोग (अखिलेश) कभी अयोध्या नहीं आए और अयोध्या को बदनाम करने के लिए क्या-क्या कर रहे हैं, इसे देखते रहिए। उन लोगों की सोच कब्रिस्तान और कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने तक ही सीमित रही है। हम लोग अयोध्या के विकास में लगे हैं। आज एक ही विधानसभा में 126 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। कांग्रेस पर हमला करते हुए सीएम योगी ने कहा कि वह लोग दोगले चरित्र के लोग हैं। उन लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर न बनने पाए, इसके लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। अयोध्या की पहचान का संकट खड़ा किया था। आज कांग्रेस भी बोल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# ऑपरेशन टाइगर के बाद उद्धव को एक और झटका

● दावा-सांसदों के बाद अब विधायक भी बदलेंगे पाला

**मुंबई (एजेंसी)।** ठाकरे गुट की शिवसेना के छह सांसदों द्वारा बगावत कर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में जाने का फैसला करने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। 'ऑपरेशन टाइगर' की सफलता के बाद अब ठाकरे गुट के कुछ विधायक भी शिंदे गुट के संपर्क में हैं और मानसून सत्र शुरू होने से पहले राज्य में बड़ा राजनीतिक भूचाल आ सकता है, ऐसा दावा शिंदे गुट के शिवसेना विधायक बच्चू कडू ने किया है। बच्चू कडू ने एकनाथ शिंदे की राजनीतिक रणनीति की सराहना करते हुए कहा कि सांसद आ चुके हैं, अब कुछ विधायकों के भी आने की संभावना



है। शिंदे साहब की प्लानिंग बिल्कुल सटीक है। जो नेता और जनप्रतिनिधि भविष्य की राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हैं, वे अपने फैसले ले रहे हैं। इस बीच, शिंदे गुट के नेताओं ने पहले भी दावा किया था कि ठाकरे गुट के कई सांसद और विधायक उनके संपर्क में हैं। इतना ही नहीं, ठाकरे गुट के 16 विधायकों के संपर्क में होने का दावा भी शिंदे गुट की ओर से किया गया था।

- **सियासत में 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा-** पिछले कुछ दिनों से 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा महाराष्ट्र की राजनीति में जोर-शोर से हो रही है। खबरें हैं कि ठाकरे गुट के छह सांसदों ने अलग समूह बनाकर आगे चलकर शिंदे की शिवसेना में शामिल होने की तैयारी दिखाई है। इन घटनाक्रमों के बाद लोकसभा में शिंदे गुट की ताकत बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक गलियारों में इस पूरी प्रक्रिया को 'ऑपरेशन टाइगर' का नाम दिया गया है और इसे ठाकरे गुट के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इन राजनीतिक घटनाओं के बीच शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी के विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की बैठक बुलाई है।

# यूएस-ईरान शांति वार्ता पर फिर संकट

● इजरायल के लेबनान पर ताबड़तोड़ हमले जारी, वेंस का स्विट्जरलैंड दौरा रद्द

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका और ईरान के बीच अभी दो दिन पहले ही जिस ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, वह शुरू होने से पहले ही पूरी तरह खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। एक तरफ जहां इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में रातभर भीषण बमबारी की है, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। वहीं दूसरी तरफ, स्विट्जरलैंड में होने वाली अमेरिका-ईरान की बेहद महत्वपूर्ण शांति वार्ता को टाल दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों



की मौजूदगी में बुधवार को ही वर्साय के महल (फ्रांस) में अमेरिका और ईरान के बीच एक शुरुआती शांति समझौता हुआ था। इसका मकसद पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध को रोकना था। इस समझौते में साफ कहा गया था कि लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकी जाएगी। लेकिन इस समझौते के तुरंत बाद इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले शुरू कर दिए। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीछे हटने से साफ इनकार कर दिया है।


- **जेडी वेंस की इजरायल को दोटूक चेतावनी-** समझौते के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इजरायल को बहुत सख्त और दोटूक शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में केवल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही एकमात्र ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं, जो इजरायल देश के प्रति हमदर्दी रखते हैं। वेंस का यह बयान साफ इशारा करता है कि अमेरिका अब इजरायल के आक्रामक रुख से खुश नहीं है और उस पर युद्ध रोकने का भारी दबाव है। गौरतलब है कि बुधवार को हुए समझौते के तहत कम से कम 60 दिनों के लिए सीजफायर बढ़ाने पर सहमति बनी थी।

# बिन पानी सब सून, रूठ गया मानसून

● एक साथ 5 सिस्टम रोक रहे मानसून को, 19 राज्य बारिश को तरसे

### अरब सागर, बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाएं आगे नहीं बढ़ रहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसून 15 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में अटका हुआ है। 11 दिन हो गए हैं, ये आगे नहीं बढ़ रहा है। इससे ये राज्य बारिश के लिए तरस रहे हैं। 7 में 60 फीसदी तक कमी रिकॉर्ड की गई है। इसकी वजह एक ही समय पर 5 अलग-अलग सिस्टम ऐक्टिव होना है। जैसे अरब सागर से तेज नमी वाली हवाएं नहीं आ रहीं और दक्षिण से बादल उत्तर की ओर नहीं बढ़ रहे हैं। 1 से 18 जून के बीच देश में सामान्य से 38 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। अब तक के आंकड़ों के अनुसार सबसे खराब स्थिति महाराष्ट्र की रही, जहां सामान्य से 78 फीसदी कम बारिश



हुई। इसके बाद गुजरात में 79 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गई। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश हो रही है। इसके बावजूद यूपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में तापमान 40 के पार है। अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने उपग्रह के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार इंटरट्रॉपिकल कन्वर्जेंस जोन पर्याप्त गति से सक्रिय नहीं हो पाया है, इससे मानसून की रफ्तार धीमी है।



● अल नीनो की परिस्थितियां भी बन रही है

अल नीनो की परिस्थितियां भी बन रही हैं। इससे लंबे समय तक सूखा और असमान बारिश देखने को मिल सकती है। उपग्रह के आंकड़े पूर्वी भारत में सक्रिय गरज-चमक का संकेत देते हैं। लेकिन मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और पश्चिमी भारत में बादलों का घनापन कम है। मध्य प्रदेश में मानसून का इंतजार लंबा हो रहा है। 15-16 जून तक मानसून प्रदेश में एंटर हो जाता है, लेकिन इस बार यह 9 से 10 दिन लेट यानी, 25 जून तक एंट्री कर सकता है। मानसून के लेट होने से जून की सामान्य बारिश के आंकड़े में गिरावट आई है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, प्रदेश में 1 जून से अब तक 39 फीसदी पानी कम गिरा है।

# टेलीग्राम पर बेच रहा था नीट का पेपर

● राजस्थान में गिरफ्तार, अमेरिकी नेटवर्क का कर रहा था इस्तेमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से नीट का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है। उधर, टेलीग्राम पर नीट री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था। वहीं, नीट री-एग्जाम को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य रूटों पर चलेंगी, जिनमें स्लीपर और जनरल कोच होंगे।




# पार्टी के टिकट से वंचित पूर्व विधायकों से मिले शुभेन्दु

● बोले-पार्टी आपको कभी नजरअंदाज नहीं करेगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद राजनीतिक भविष्य को लेकर असमंजस में चल रहे भाजपा के 16 पूर्व विधायकों को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को विधानसभा में बुलाकर मुलाकात की। विधानसभा स्थित अपने कक्ष में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायकों को भरोसा दिलाया कि पार्टी उनके अनुभव और योगदान को नजरअंदाज नहीं करेगी। पार्टी आपके भविष्य को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें संगठन या प्रशासन में किस भूमिका में जिम्मेदारी दी जाए, इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। बंगाल में पिछले माह नई सरकार गठित होने के बाद गुरुवार को शुरू हुए विधानसभा के पहले सत्र के प्रथम दिन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद पूर्व भाजपा विधायक रवींद्रनाथ माइती, विश्वनाथ कारक, आशीष विश्वास, मधुसूदन बाग समेत 16 नेता मुख्यमंत्री कक्ष पहुंचे थे।



# स्मार्ट विलेज की ओर बढ़े भारत के कदम

● अब हर गांव की सड़कों की होगी कोडिंग, साइनबोर्ड पर होगा यूनिक नाम ● केंद्र के इस पहल से ग्रामीण विकास योजनाओं की निगरानी बेहतर होगी ● नई व्यवस्था के तहत गांवों की सड़कों को तीन श्रेणियों में बांटा जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने देश के प्रत्येक गांव की आंतरिक सड़कों को एक विशिष्ट पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने गांवों के भीतर मौजूद सभी सड़कों के लिए यूनिक कोड, डिजिटल पहचान और मानकीकृत वर्गीकरण प्रणाली लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्तावित इंट्रा-विलेज रोड कोडिंग एंड ग्रेडिंग सिस्टम के तहत गांवों की सभी आंतरिक सड़कों का नामकरण, कोडिंग और डिजिटल मैपिंग की जाएगी। इस मसौदे को जल्द ही सार्वजनिक सुझावों और प्रतिक्रियाओं के लिए जारी किया



जाएगा। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के माध्यम से ग्रामीण सड़क नेटवर्क का काफी विस्तार हुआ है, लेकिन गांवों के भीतर की सड़कों का अब तक व्यवस्थित दस्तावेजीकरण नहीं हो पाया है। इसके कारण एंबुलेंस सेवाओं, डाक वितरण, सरकारी एजेंसियों और नेविगेशन प्लेटफार्मो को कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नई व्यवस्था के तहत गांवों की सड़कों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है।

- **गांवों तक डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होगी-** प्रत्येक सड़क को जियोस्पेशियल पहचान संख्या से जोड़ा जाएगा और उसका डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जाएगा। साथ ही, क्यूआर कोड युक्त साइनबोर्ड लगाए जाएंगे, जिनकी मदद से नागरिक सड़क की स्थिति, रखरखाव इतिहास और नेविगेशन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्रस्ताव के अनुसार ग्राम पंचायतें अपने क्षेत्र की सड़कों की पहचान, नामकरण और श्रेणी निर्धारण की मुख्य जिम्मेदार संस्था होंगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से ग्रामीण विकास योजनाओं की निगरानी बेहतर होगी, सड़क निर्माण में पारदर्शिता आएगी, विभिन्न विभागों के कार्यों में दोहराव कम होगा।

● 56 साल के हुए राहुल, मनाया जन्मदिन

# प्रियंका और खड़गे के साथ काटा केक

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज 56 साल के हो गए। वे बहन प्रियंका गांधी के दिल्ली स्थिति कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन मनाया। राहुल के जन्मदिन पर पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर, मल्लिकार्जुन खड़गे और इंडिया ब्लॉक के कई नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बर्थ-डे के पोस्टर लगाए गए। वाराणसी में कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर दूध चढ़ाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी संविधान के आदर्शों के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने हमेशा उन लोगों की आवाज उठाई है, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। खड़गे ने कहा कि लोगों के बीच लगातार रहने और सत्ता से सच बोलने के साहस के जरिए राहुल गांधी ने समाज के सबसे कमजोर और वंचित तबकों के लिए लगातार संघर्ष किया है।



- **राहुल ने नाम बदलकर तीन साल तक नौकरी की-** राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वे पूर्व पीएम राजीव गांधी और कांग्रेस प्रेसिडेंट सोनिया गांधी के बेटे हैं। दो भाई-बहनों में राहुल गांधी बड़े हैं। उनसे छोटी प्रियंका हैं। राहुल ने शुरुआती पढ़ाई दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से की है। इसके बाद वे पढ़ने के लिए देहरादून के दून स्कूल चले गए। इसके बाद उन्होंने फ्लोरिडा के रोलिन्स कॉलेज में दाखिला लिया। 1994 में आर्ट्स से ग्रेजुएशन पूरा किया। फ्लोरिडा में पढ़ाई के दौरान सुरक्षा कारणों से राहुल की पहचान सिर्फ यूनिवर्सिटी और सिक्योरिटी को बताई गई थी। 1995 में राहुल गांधी ने ब्रिटेन की ट्रिनिटी कॉलेज (कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी) से एमफिल की डिग्री ली। ग्रेजुएशन के बाद राहुल ने 3 साल तक लंदन में मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म मॉनिटर ग्रुप में काम किया।

# भारत -फ्रांस की दोस्ती अमर रहे

● मैक्रों ने हिंदी में कहा, पीएम मोदी ने दिया धन्यवाद

**पेरिस/नई दिल्ली (एजेंसी)।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हिंदी में वीडियो मैसेज शेयर किया है। उन्होंने कहा- प्रिय मित्र नरेंद्र, आपका नीस, एवियन और पेरिस के दौरे में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हुई। फ्रांस और भारत की दोस्ती अमर रहे। इसके बाद मुस्कुराते हुए मैक्रों ने कहा, 'मुझे उम्मीद है यह (हिंदी संदेश) सही होगा। डियर प्राइम मिनिस्टर इस दोस्ती के लिए आपका धन्यवाद। मैं अगली फरवरी (भारत यात्रा) आपसे मिलूंगा।' वहीं, फ्रांस से रवाना होने के बाद मोदी ने 𝕏 पर लिखा- यह यात्रा सहभागिता और उपलब्धियों दोनों के लिहाज से व्यापक रही। दरअसल, पीएम मोदी 6 दिन का फ्रांस और स्लोवाकिया दौरा पूरा करके भारत पहुंच चुके हैं।



- **12 सालों की उपलब्धि को अंकों से नहीं माप सकते-** 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यानी एक ऐसी प्रगति, जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। फ्रांस में आज जितने कुल घर हैं, उससे ज्यादा घर हमने भारत में जरूरतमंद लोगों के लिए बनाए हैं। इन 12 सालों की उपलब्धियों में एक उपलब्धि ऐसी भी है, जिसे अंकों से नहीं मापा जा सकता। वह है 140 करोड़ भारतीयों का आत्मविश्वास। आज का भारत का युवा बहुत बड़े सपने देख रहा है। भारत का किसान खुश है।

- **यह लोकतंत्र की ताकत, चायवाला पीएम बना-** आज में ऐसे समय में फ्रांस आया हूं, जब कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टनरशिप के 12 साल पूरे हुए हैं। 12 साल तक देश की सेवा करना मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। ये भारत के लोकतंत्र की शक्ति है, जिसने एक चायवाले को यहां तक पहुंचा दिया। बीते 12 साल 140 करोड़ भारतीयों के अद्भुत सामर्थ्य के रहे हैं। भारत की जीडीपी दोगुना हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डिवाइडर से टकराया ऑटो, 11 यात्री घायल, हाजीपुर में नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट के बाद 4 की हालत गंभीर

**हाजीपुर**। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 पर सदर थाना क्षेत्र के रामाशीष चौक ओवरब्रिज पर एक अनियंत्रित टेंपो डिवाइडर से टकरा गया। इस दुर्घटना में टेंपो में सवार 11 यात्री घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचाया। चार गंभीर रूप से घायल यात्रियों का इलाज जारी है, जबकि सात अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घायलों में भगवानपुर थाना क्षेत्र के रसलपुर पट्टी गांव निवासी 43 वर्षीय अमित सिंह, जुरवनपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी 30 वर्षीय विकास राय, और भगवानपुर के सतपुरा गांव निवासी 28 वर्षीय अंजली कुमारी शामिल हैं। अंजली के पति शिवनाथ प्रसाद गुप्ता भी इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। बताया गया है कि टेंपो मुजफ्फरपुर से हाजीपुर की ओर आ रहा था। रामाशीष चौक ओवरब्रिज पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टेंपो के नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### महात्मा गांधी सेतु पर ट्रक-पिकअप की टक्कर, चालक केबिन में फंसा, पश्चिमी लेन एक घंटे तक जाम

**हाजीपुर**। महात्मा गांधी सेतु की पश्चिमी लेन पर ट्रक और लकड़ी से लदी पिकअप के बीच टक्कर हो गई। यह हादसा पाया नंबर 18 के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसका चालक केबिन में फंस गया। इस घटना के कारण पुल पर लंबा जाम लग गया। पुलिस के अनुसार, पटना से हाजीपुर की ओर जा रहे एक ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार लकड़ी लदी पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप पर लदी लकड़ी सड़क पर बिखर गई, जिससे यातायात बाधित हुआ। राहगीरों ने तत्काल गंगा ब्रिज थाने की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद पिकअप चालक को क्षतिग्रस्त केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला। उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को सड़क से हटाकर थाने पहुंचाया। इस दुर्घटना के कारण पश्चिमी लेन पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। पुल पर करीब तीन घंटे से अधिक समय तक भीषण जाम लगा रहा। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन को हटाने के बाद ही पश्चिमी लेन पर यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका। गंगा ब्रिज थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि चलती ट्रक में पिकअप द्वारा टक्कर मारने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पिकअप को थाने पर लाया। थानाध्यक्ष के अनुसार, इस दौरान लगभग एक घंटे तक पश्चिमी लेन पर यातायात बाधित रहा।



### सड़क हादसे में चाचा-भतीजा घायल, देसरी के गाजीपुर में ट्रक की चपेट में आने से हुआ हादसा

**हाजीपुर**। हाजीपुर में एक सड़क हादसे में चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना करीब 12 बजे देसरी थाना क्षेत्र के गाजीपुर में हुई। उनकी बाइक एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गई थी। घायलों की पहचान 22 वर्षीय आकाश कुमार (पिता- उमेश राय) और उनके चाचा वीरेंद्र राय (पिता- स्वर्गीय जवाहर राय) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पहले गाजीपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हाजीपुर सदर अस्पताल में चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार की देखरेख में आकाश कुमार का इलाज जारी है। वहीं, शिक्षक वीरेंद्र राय की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए पटना PMCH रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार, वीरेंद्र राय बाइक चला रहे थे और आकाश उनके पीछे बैठे थे। वे महुआ में एक रिश्तेदार के घर से बिदुपुर के कल्याणपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। वीरेंद्र राय एक सरकारी शिक्षक हैं और बिदुपुर क्षेत्र के एक बुनियादी विद्यालय में कार्यरत हैं। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार होने लगा। स्थानीय लोगों ने पीछा कर जंदाहा थाना क्षेत्र में ट्रक को पकड़ लिया। हालांकि, चालक ट्रक को सड़क किनारे छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर जंदाहा थाना पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। जंदाहा थाना प्रभारी अनामिका कुमारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया है। घटना की सूचना संबंधित थाने को दे दी गई है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बीपीएससी शिक्षिका की नौकरी पर संकट, शादीशुदा होते हुए खुद को बताया था अनमैरिड

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर की एक BPSC शिक्षिका की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शिक्षिका के ससुरालवालों की ओर से जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिकायत की है। आरोप लगाया है कि शिक्षिका ने नियुक्ति के दौरान गलत जानकारी और दस्तावेज दी है। शिकायत मिलने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जौनपुर के रहने वाले प्रवीण कुमार विश्वकर्मा की शादी 2 दिसंबर 2022 को बिंदु के साथ हुई थी। शादी के बाद बिंदु ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की ओर से आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा पास की और नवंबर 2023 में उनकी नियुक्ति कटरा प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय दहटोला पहसौल में हुई। शिक्षिका के पति के बड़े भाई गुरु प्रसाद विश्वकर्मा ने DEO ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है- शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान बिंदु विश्वकर्मा ने स्वयं को अविवाहित बताया था, जबकि उनकी शादी पहले हो चुकी थी। उसने गलत जानकारी देकर सरकारी नौकरी प्राप्त की गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि नौकरी मिलने के बाद पति-पत्नी के संबंधों में दूरी बढ़ गई। अप्रैल 2025 में प्रवीण विश्वकर्मा पत्नी के साथ रहने के लिए मुजफ्फरपुर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें साथ रखने से इनकार कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। वहीं, शिक्षिका बिंदु विश्वकर्मा ने बताया कि ससुराल पक्ष की ओर से लगाया गया आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि यह मामला वर्तमान में कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए इस विषय पर विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शादी के बाद वैवाहिक संबंधों को सामान्य बनाए रखने का प्रयास किया था, लेकिन परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं। उधर, शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत और उपलब्ध दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार युवक को रौंदा, हाजीपुर जाते समय हुआ हादसा, ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हाजीपुर जा रहे बाइक सवार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार थार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक कई फीट दूर जा गिरा। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस बीच ड्राइवर थार छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान वैशाली जिले के करताहा थाना क्षेत्र के घटारो गांव निवासी सुनील कुमार(25) के तौर पर हुई है। आईडी कार्ड के आधार पर पहचान हुई है। घटना कुढ़नी थाना क्षेत्र के बलिया ओवरब्रिज के पास की है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। क्षतिग्रस्त बाइक को भी कब्जे में लेकर थाने पर भेजा गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार ड्राइवर की पहचान की जा सके। कुढ़नी पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। देर रात बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पिकअप ने 11 वर्षीय छात्र को कुचला, घटनास्थल पर ही मौत

एजेंसी, पटना

पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में 11 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मकसूदपुर के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने 11 वर्षीय किशोर को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मकसूदपुर निवासी छोटू पासवान के बेटे राजवीर कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे और आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर फतुहा–बख्तियारपुर स्टेट हाईवे-106 को जाम कर दिया।



**सड़क पार करते समय हुआ हादसा**: जानकारी के अनुसार, मृतक राजवीर मकसूदपुर निवासी छोटू पासवान का पुत्र था। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे राजवीर किसी काम से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान फतुहा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशोर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पिकअप वैन मौके से बख्तियारपुर की दिशा में फरार हो गई।

**शव रखकर सड़क जाम, मुआवजे की मांग**: हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने किशोर के शव को सड़क पर रखकर एसएच-106 को जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने आगजनी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। प्रदर्शनकारी मुआवजे की मांग कर रहे हैं और वरीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़े हैं।

♦ आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया मुआवजे की मांग

**पुलिस लोगों को समझाने में जुटी**: घटना की सूचना मिलते ही फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस घंटों से आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। तनावपूर्ण स्थिति के कारण पुलिस अभी तक शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेज पाई है। थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि, 'पुलिस टीम मौके पर मौजूद है और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है।' उन्होंने आश्वासन दिया कि, 'जल्द ही जाम हटवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।' घटना के बाद मृतक के परिजनों में गहरा शोक है।

## बंगला-सुरक्षा विवादः लालू के आरोपों पर डिप्टी सीएम का पलटवार

एजेंसी, पटना

पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास और सुरक्षा घटाने के विवाद पर राजनीति तेज हो गई है। बीते कल RJD सुप्रीमो लालू यादव ने मीडियो को दिए बयान में कहा था कि, 'सब नीतीश कुमार करवा रहे हैं।' अब सरकार की ओर से डिप्टी सीएम और मंत्रियों की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। डिप्टी सीएम बिजेंद्र यादव ने कहा कि, 'सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नियमों के तहत तय की जाती है। अगर कोई व्यक्ति सुरक्षा नहीं लेना चाहता है, तो उसे जबरदस्ती सुरक्षा देने का कोई प्रावधान नहीं है। जिसे सुरक्षा की आवश्यकता होगी, उसे सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।' उन्होंने लालू यादव के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि, 'पूर्व मुख्यमंत्रियों को सरकारी आवास आवंटित करने से जुड़े नियम को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

इसके बावजूद सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं की है।' डिप्टी सीएम बिजेंद्र यादव ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी हमला बोला। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि, 'तेजस्वी यादव को दो-दो बार डिप्टी सीएम बनाने का काम भी पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही किया था।' सरकारी खजाना खाली होने को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा कि, 'सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, तभी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा है।'



❒ बिजेंद्र यादव बोले- नीतीश ने तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री बनाया, उसको बिहार से मतलब नहीं, विदेश भागल रहता है

इससे पहले लालू के आरोपों पर बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने लालू यादव पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा कि, 'लालू जी मेंटली गड़बड़ा गए हैं। जब तक नीतीश कुमार सत्ता ने थे, तो आप राबड़ी आवास में रहे। अब जब सरकार ने आपको एक व्यवस्थित जगह अलग से दे दिया है, तब आप जबरदस्ती दबाव बना रहे हैं।

# 'आप पहले कलाकार हैं, इसके बाद प्रधानमंत्री हैं'

**रवि किशन से बोले पवन सिंह, अब सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल**

एजेंसी, पटना

उत्तर प्रदेश के देवरिया में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पवन सिंह और भाजपा सांसद रवि किशन का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें पवन सिंह ने रवि किशन को प्रधानमंत्री बताया है। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान पवन सिंह ने रवि किशन से कहा, 'आप पहले कलाकार हैं, इसके बाद प्रधानमंत्री हैं।' उनके इस बयान के बाद मंच पर मौजूद लोगों के बीच हंसी और तालियों का माहौल बन गया। हालांकि, इसके बाद यूजर्स पवन सिंह को काफी ट्रोल कर रहे हैं।

यह वायरल वीडियो उसी कार्यक्रम का है, जहां भीड़ अनियंत्रित होने के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया था।



♦ यूजर बोले-यह हमेशा नशे में रहता है

**सोशल मीडिया पर यूजर कर रहे पवन सिंह को ट्रोल**: एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि, 'पीने के बाद ये खुद चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) हो जाता है।' वहीं, सुदर्शन नाम के यूजर ने लिखा कि, 'यह हमेशा नशे में रहता है। जब से MLC बना है, इसका अंदाज और बदल गया है।'

# बकाया रुपये के विवाद में महिला को मारी गोली

एजेंसी, पटना

पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के खरपड़ी गांव में बकाया राशि के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गुरुवार देर रात कथित तौर पर पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक महिला की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतका की पहचान 45 वर्षीय रानी देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**भैंस खरीद के बकाया रुपये को लेकर विवादः** मृतका के पुत्र सोनू कुमार के मुताबिक, करीब एक वर्ष पहले संजय पासवान ने गांव के वीरू पासवान से ढाई लाख रुपये में एक भैंस खरीदी थी। इसमें से डेढ़ लाख रुपये का भुगतान पहले ही हो चुका था, लेकिन एक लाख रुपये बकाया था। इसी बकाया राशि को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिवार का दावा है कि, गुरुवार देर रात करीब दो बजे वीरू पासवान अपने दो सहयोगियों के साथ उनके घर पहुंचा और बकाया राशि की मांग करने लगा। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी।



**पति पर निशाना, पत्नी को लगी गोलीः** परिजनों के मुताबिक, इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी वीरू पासवान ने हथियार निकालकर संजय पासवान को निशाना बनाकर गोली चला दी। हालांकि, संजय पासवान बाल-बाल बच गए, लेकिन गोली उनकी पत्नी रानी देवी को जा लगी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं। परिवार के सदस्य रानी देवी को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी और उसके साथ मौजूद लोग मौके से फरार हो गए।

❒ पटना के खरपड़ी गांव में फायरिंग, पति पर चलाई गोली पत्नी को लगी, आरोपी फरार

**पुलिस जुटा रही साक्ष्य, गिरफ्तारी के लिए छापेमारीः** सूचना मिलने के बाद पंचरुखिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए घर को सील कर दिया है और फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला लेनदेन के विवाद में हत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आरोपी और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# मानसून में बिना रेनकोट, गमबूट के नहीं काम करेंगे कर्मचारी मैनहोल-नाले से पानी का बहाव रोकने पर होगा एफआईआर

एजेंसी, पटना

मानसून संबंधी कामों में लगे सभी सफाई कर्मियों और अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करना होगा। बिना रेनकोट, गमबूट और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के कर्मचारी काम नहीं करेंगे। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने सभी कर्मियों को सेफ्टी गियर के साथ ही काम करने का निर्देश दिया। मानसून में जलजमाव से बचाव की तैयारी की गुरुवार को नगर आयुक्त ने समीक्षा बैठक की। इसके साथ ही सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई दुकानदार या असामाजिक तत्व जानबूझकर मैनहोल या नालों को बाधित कर जलनिकासी को बाधित करने का प्रयास करता है, तो उस पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज होगी।



**सफाई व्यवस्था और जलनिकासी को दुरुस्त रखने पर विशेष जोरः** बैठक में सभी सफाई निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहते हुए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, जलजमाव संभावित क्षेत्रों में समय रहते पंप सेट लगाने, आवश्यकतानुसार कच्चे नाले तैयार करने तथा बड़े नालों के साथ-साथ गली-मोहल्लों के नालों एवं कैचपिटों की नियमित सफाई जारी रखने पर बल दिया गया।

**नवनिर्मित नालों, सड़क पुनर्स्थापन कार्यों की होगी विशेष जांचः** बैठक में उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया, जहां सड़क पुनर्स्थापन परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन क्षेत्रों में स्थित नालों, स्लैबों और कैचपिटों की स्थिति का निरीक्षण करने तथा नवनिर्मित नालों में जल प्रवाह की जांच सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही निर्माण और उड़ाही कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त हुए नालों के ढक्कनों की मरम्मत करने तथा पानी के इनलेट और आउटलेट की स्थिति की भी जांच करने के निर्देश दिए गए।

❒ निगम-बुडको के पंप सेटों का होगा मॉक ड्रिल

**दबाव में आकर अनैतिक कार्यों न करने की हिदायतः** बैठक में निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे किसी भी प्रकार के दबाव में आकर अनुचित या अनैतिक कार्य न करें। यदि किसी के द्वारा किसी प्रकार का अनैतिक दबाव बनाया जाता है तो इसकी जानकारी तत्काल निगम के वरीय अधिकारियों को देने का निर्देश दिया गया।

**निगम और बुडको के पंप सेटों का होगा मॉक ड्रिलः** मानसून के दौरान जलनिकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए बुडको के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निगम एवं बुडको के सभी पंप सेटों का मॉक ड्रिल कराने का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य आपात स्थिति में पंपिंग व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करना है।

# खान सर की अग्रिम जमानत का विरोध करेगी अपोजिट पार्टी

एजेंसी, पटना

पटना सिविल कोर्ट में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होनी है। इसे लेकर ऑपोजिट पार्टी की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। ऑपोजिट पार्टी के वकील निरंजन कुमार ने बताया कि लीगल एस्पेक्ट्स समझाने के बावजूद भी कदमकुआं थाने में रौशन आनंद के आवेदन पर FIR लॉज नहीं हुई है। जबकि पूरी साजिश खान ग्लोबल स्टडीज से रची गई है। पूरी कॉन्सपिरेसी यहीं से उनके भाई प्रिंस के साथ हुई है।

इसके बावजूद भी ऊपर के दबाव में FIR नहीं हुई। हमलोग इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं कि FIR हो जाए। संबंधित अथॉरिटी से मिलकर रिप्रेजेंटेशन दे रहे हैं। उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस तरीके से जेल के अंदर रौशन आनंद को मारने का प्रयास किया गया। उनके भाई के साथ आपराधिक कृत्य किया गया। सब सामने है।



**20 जून को इंटरिम प्रोटेक्शन का विरोधः** निरंजन कुमार ने कहा कि, 'फैजल खान की ओर से क्रिमिनल हिस्ट्री को छिपाकर इंटरिम प्रोटेक्शन लिया गया है। कई तथ्यों को कोर्ट से छिपाया गया है। हमारे पास पर्याप्त साक्ष्य हैं। लोक अभियोजक के साथ हम लोग 20 जून को इसका विरोध करेंगे।' बता दें कि जिला जज के कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होनी है। इसके अलावा खान के दोनों बॉडीगार्ड्स की जमानत याचिका पर भी बहस होगी।

## पटना जू में मैसूर जू से आएगा नर जिराफ

एजेंसी, पटना

पटना जू में मैसूर जू से नर जिराफ आएगा। एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जानवरों की अदला-बदली होगी। जिराफ लाने को लेकर पहले कोलकाता जू से बातचीत हुई थी। मगर वहां से फीका रिस्पॉन्स मिला, जिसके बाद मैसूर से जिराफ लाया जाएगा। नर जिराफ को पटना जू लाने का मुख्य उद्देश्य जिराफ के ब्लड लाइन को बदलकर उसके ब्रीडिंग को बढ़ावा देना है। ऐसे में अगर मैसूर जू मांग करेगी तो यहां से तीन साल के मादा शावक जिराफ को मैसूर जू एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत भेजा जाएगा, क्योंकि पटना जू के पास अभी केवल एक मादा व्यस्क जिराफ मौजूद है।

**पटना जू में वर्तमान में चार जिराफ मौजूदः** वर्तमान में चार जिराफ पटना जू में हैं, जिनमें दो व्यस्क और दो शावक हैं। व्यस्क और शावक दोनों में एक नर और एक मादा है। व्यस्क नर जिराफ का नाम भीमा और व्यस्क मादा जिराफ का नाम सृष्टि है। वहीं, इसी साल फरवरी में पटना जू में मादा जिराफ 'शांति' की मौत हो गई थी। उसकी उम्र 21 साल थी। पटना जू प्रशासन ने मौत का प्रारंभिक कारण प्रेगनेंसी कॉम्प्लिकेशंस बताया था। वर्तमान में शांति के 2 बच्चे "अमन और नंदनी" पटना जू में है।



**USA से लाया गया था मादा जिराफः** शांति का जन्म दिनांक 20 जुलाई 2005 को यूएसए के सेन डियागो जू में हुआ था। 2006 में मादा जिराफ को सेन डियागो जू से पटना जू में वन्यजीव अदला-बदली कार्यक्रम के तहत लाया गया था। मादा जिराफ "शांति" के द्वारा 2011 में पटना जू में पहला बच्चा "नव्या" को जन्म दिया गया। 2011 से 2023 तक मादा जिराफ से 6 बच्चों को जन्म दिया गया है।

**झारखंड राज्यसभा चुनाव में हार के बाद महागठबंधन में खटास, कांग्रेस ने जताई नाराजगी**

# राजेश राम बोले-गठबंधन के साथियों को ना साथ लेना आता, ना देना आता

एजेंसी, पटना

बिहार में महागठबंधन में खटास देखने को मिल रही है। अपने ही सहयोगी पार्टी राजद और माले से कांग्रेस नाराज चल रही है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, 'हमारे गठबंधन के साथी को ना साथ लेना आता है और ना साथ देना आता है।' झारखंड में हालिया राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के हार के बाद उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही बिहार में हुए राज्यसभा चुनाव में राजद द्वारा कैंडिडेट के नाम घोषित करने पर भी उन्होंने कहा कि, 'इसमें कोई कोआर्डिनेशन नहीं था।'

**राज्यसभा चुनाव में कोई कोऑर्डिनेशन नहीं था- राजेश रामः** राजेश राम ने कहा कि, 'इन तीन राज्यों के अगर ट्रैक रिकॉर्ड देखेंगे तो हमारे साथी हमारे साथ नहीं थे। बिहार में संपन्न राज्यसभा चुनाव में केवल व्हिप जारी कर दिया गया कि उनका कैंडिडेट होगा, मगर उनकी कोई कोऑर्डिनेशन नहीं थी। इसलिए मैंने कहा कि हमारे गठबंधन के साथी को ना साथ लेना आता है और ना साथ देना आता है।'



**बिना इनपुट के एनकाउंटर से सरकार कटघरे में खड़ी है- राजेश रामः** भोजपुरी में हुए एनकाउंटर पर भी राजेश राम ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, 'एनकाउंटर शब्द से बिहार लगातार चर्चा में घिरा हुआ है। जब भी एनकाउंटर होता है, तो सरकार के पास गृह विभाग के पास, पुलिस अधिकारियों के पास पूरी तरह से इनपुट होती है। लेकिन अगर बिना इनपुट के एनकाउंटर हो रहे तो सरकार अपने आप कटघरे में खड़ी है।'

आज सदाकत आश्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान छोटे बच्चों के साथ मिलकर राजेश राम ने केक भी काटा। जन्मदिन को लेकर राजेश राम ने कहा कि, मैं राहुल गांधी को जन्मदिन पर बधाई देता हूं। मैं ब्रह्मांड की जितनी भी ऊर्जावान और पॉजिटिव शक्तियां हैं, उनसे प्रार्थना करता हूं कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में हम लोग आगे बढ़े।' उन्होंने आगे कहा कि, 'आज का दिन संकल्प लेने का दिन है। राहुल जी हमारे नेता हैं और जननायक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने ट्रक, रेड़ी, ऑटो, बस चलाने वालों के दुख दर्द को देखा और आज पूरे देश में स्टूडेंट की समस्या को लेकर के क्रांति लाने वाले हैं।'

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की तत्परता से गुमशुदा बच्ची सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा गया

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के जितना थाना पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की इस मानवीय कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार, 18 जून 2026 की रात करीब नौ बजे जितना थाना पुलिस को एक बच्ची के अकेले घूमने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर थाना लाई। थाने में पूछताछ के दौरान बच्ची ने अपना नाम फातिमा रजिया तथा अपने पिता का नाम सहाम हुसैन बताया। उसने अपना पता नाका रोड, थाना रक्सौल, जिला पूर्वी चंपारण बताया। इसके बाद जितना थाना पुलिस ने रक्सौल थाना से संपर्क स्थापित कर बच्ची की पहचान एवं उसके परिजनों की जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने संबंधित वार्ड सदस्य एवं परिजनों के माध्यम से सभी आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की। सत्यापन के उपरांत शुक्रवार को बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहती है तथा ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाती है। बच्ची के सकुशल मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### निर्माणाधीन रेलवे लाइन के पास देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के भोपतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी कट्टा और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके साथ मौजूद एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, जंजीली गांव स्थित निर्माणाधीन रेलवे लाइन के समीप छापेमारी के दौरान एक देशी कट्टा एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। मौके से नाजिम आलम, पिता शेख मुस्तफा, निवासी रामकरण पकड़ी, थाना चकिया को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक के साथ मौजूद एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध कर लिया गया है। बरामद हथियार और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। इस मामले में भोपतपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण तथा अवैध हथियारों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### प्रेम प्रसंग के विवाद के बीच युवक का शव पेड़ से लटका मिला, हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**बीएनएम@ हरसिद्धि/मोतिहारी।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र के जैल मुरारपुर गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। मृतक की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के फतुहा गांव निवासी स्वर्गीय नथुनी राम के पुत्र शिव कुमार राम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शिव कुमार राम का जैल मुरारपुर गांव की एक युवती के साथ कथित प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस संबंध को लेकर पूर्व में विवाद भी हुआ था तथा पंचायत बुलाई गई थी। विवाद के बाद परिजनों ने उसे मजदूरी के लिए दूसरे प्रदेश भेज दिया था, लेकिन वह कुछ दिनों बाद वापस लौट आया था। ग्रामीणों के अनुसार मृतक पहले से विवाहित था और उसके बच्चे भी हैं। पुलिस ने घटनास्थल से उसका मोबाइल फोन बरामद किया है। मोबाइल की जांच के दौरान एक ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली है, जिसमें वह अपनी पत्नी से बच्चों का ख्याल रखने की बात कह रहा है। साथ ही वह यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि अब वह घर वापस नहीं लौटेगा। ऑडियो मिलने के बाद पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने पूछताछ के लिए युवती के भाई को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना की सूचना पर हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है। इधर, मृतक के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

### हत्या के प्रयास के दो मामलों में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, भोपतपुर थाना कांड संख्या 71/26 में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में नामजद अभियुक्त मिथिलेश कुमार, पिता बिदेश्वरी राय, निवासी नदिकनही, थाना भोपतपुर को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस जांच जारी है। वहीं, घोड़ासहन थाना कांड संख्या 250/26 में हत्या के प्रयास के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अफरोज आलम, पिता दिलावास मियां तथा शेख मोहम्मद उर्फ समीउल्लाह, पिता खलील मियां, दोनों निवासी शेखौना गांव, थाना घोड़ासहन, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिले में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा- 2026 को जिला में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा- जिला प्रशासन

बीएनएम@ मोतिहारी





अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिंहा की अध्यक्षता में नगर के समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग शुक्रवार को संपन्न हुई जिसमें बताया गया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश पुनर्परीक्षा (नीट यूजी )- 2026 का आयोजन आगामी 21 जून को होगा। पूर्वी चंपारण जिला में इस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 6320 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा 2:00 बजे अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक एक पाली में आयोजित की जाएगी। संयुक्त ब्रीफिंग में इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षकों को सभी जरूरी निर्देश दिया गया। निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी एवं जैमर की व्यवस्था करा लें। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि 9:00 बजे पूर्वाह्न में एलॉटेड परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक कराया जाएगा। 01:30 बजे अपराह्न के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों का दो लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया। पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा राष्ट्रीय पात्रता एजेंसी के प्राधिकृत पदाधिकारी के स्तर से परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। फ्रीस्किंग के बाद सभी परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक लिया जाएगा इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति रहेगी। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ अपना दो फोटोग्राफ भी साथ लेकर आएंगे। संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर रुमाल, मोबाइल फोन, घड़ी, अंगूठी, चेन,कान की बाली, बेल्ट, इरेज़र,शार्पनर एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/ गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा। परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में प्रतिनियुक्त कर्मी/पदाधिकारी/दंडाधिकारी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर 200 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा- 163 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की दूरी के अंतर्गत स्थित सभी फोटो स्टेट/साइबर कैफे की दुकान को परीक्षा की तिथि को सुबह से लेकर संध्या 7:00 बजे तक के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। परीक्षा केंद्र पर मीडिया के प्रवेश को वर्जित किया गया है। परीक्षा को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संचालन को लेकर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो दूरभाष संख्या 06252-242418 पर परीक्षा के दिन कार्यरत रहेगा। संयुक्त ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, सिविल सर्जन, डीएसपी हेडक्वार्टर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, नोडल पदाधिकारी एनटीए सहित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केंद्र अधीक्षक उपस्थित थे।

## राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया, केक काटकर दी बधाई

**कांग्रेस कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

बीएनएम@ मोतिहारी



नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर शहर के बंजरिया पंडाल स्थित कांग्रेस मुख्यालय प्रजापति आश्रम में शुक्रवार को केक काटकर उनका जन्मदिन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। मोतिहारी कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. अखिलेश दयाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी के विचार, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा आम जनता के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। जन्मदिन समारोह के उपरांत कांग्रेस कार्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की गई। उक्त कार्यक्रम में मोतिहारी कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. अखिलेश दयाल, वरिष्ठ नेता अनवर आलम अंसारी, मुनमुन जायसवाल, देशबंधु तिवारी, गुंजन मिश्रा, राहुल शर्मा, दिलनवाज रशीद सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में 41 आवेदन प्राप्त

बीएनएम@ मोतिहारी




पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में आयोजित "जनता के दरबार में जिला प्रशासन" कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में आयोजित इस जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती ने की। इस अवसर पर एडीएम (विभागीय जांच) मो. सिबगतुल्लाह तथा वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार भी उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान अपर समाहर्ता ने कई मामलों में संबंधित पदाधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर शिकायतों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम (पीजीआरओ) ने कहा कि सभी मामलों में संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समस्याओं का विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण संबंधी मामले तथा राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। इन मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए प्रकरणों को अग्रसारित करने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समस्याओं के निष्पादन में तेजी आ रही है।

## डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावास में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित, छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं व रोजगार के अवसरों की दी गई जानकारी






बीएनएम@ मोतिहारी

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाई) के अंतर्गत शुक्रवार को डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावास संख्या- 01 एवं 02, चांदमारी, मोतिहारी में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण शैलेन्द्र कुमार भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास में रह रहे छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उपलब्ध अवसरों तथा शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर छात्र अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय, डॉ. दुर्गेश मणि तिवारी, जिला शिक्षा कार्यालय के रेयाज अहमद, कॉनफिडेंस क्लासेस के संस्थान प्रमुख प्रमोद कुमार यादव, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक अक्षय कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी अंकित राज, उद्योग विस्तार पदाधिकारी मो. अरमान अली तथा डीआरसीसी प्रबंधक रत्नेश सिंह ने छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसर, छात्रवृत्ति एवं फेलोशिप, प्रतियोगी परीक्षाओं और कोचिंग सहायता, व्यावसायिक शिक्षा, उभरते करियर विकल्प, उद्यमिता, सॉफ्ट स्किल, व्यक्तित्व विकास तथा डिजिटल साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं अवसरों से अवगत कराते हुए छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, केसरिया विकास कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, जितेन्द्र कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, कोटवा आनंद मोहन बिहारी सहित छात्रावास के छात्र उपस्थित थे।

## शराब कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन तस्कर गिरफ्तार

बीएनएम@ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण जिले में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाकर भारी मात्रा में शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान तीन शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया तथा शराब ढुलाई में प्रयुक्त मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। पुलिस के अनुसार, जितना थाना क्षेत्र के इनरवा बॉर्डर सैनिक रोड के समीप वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल से 150 पीस नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 45 लीटर बताई गई है। इस मामले में एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, कोटवा थाना पुलिस को मच्छर गांव में अवैध शराब कारोबार की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने छापेमारी कर 100 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, घोड़ासहन थाना क्षेत्र के नगदहा पूर्णहिया रेलवे ढाला के समीप पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर लदी 84 बोतल किंगफिशर बीयर बरामद की। जब्त बीयर की कुल मात्रा 42 लीटर बताई गई है। मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया तथा मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पीएम श्री विद्यालय समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में होंगे सहायक : डीपीओ

बीएनएम@ मोतिहारी



शिक्षा भवन स्थित सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) प्रह्लाद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में पीएम श्री विद्यालय योजना की समीक्षा सह उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चयनित विद्यालयों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के साथ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये विद्यालय केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल संवर्धन, नैतिक मूल्यों और 21वीं सदी की आवश्यक दक्षताओं के विकास पर भी विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालय समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले के चयनित पीएम श्री विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल अवसंरचना तथा व्यावसायिक शिक्षा जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही शिक्षकों के क्षमता संवर्धन के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा समुदाय की सहभागिता को भी बढ़ावा दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में चल रहे निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समितियों एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विद्यालयों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में जिला कार्यक्रम संभाग प्रभारी दिलीप कुमार, रमेश कुमार, राजीव कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह, जिले के सभी चयनित पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## इग्नू में जुलाई 2026 सत्र के लिए नामांकन शुरू, एमजीसीयू अध्ययन केंद्र पर मिलेगी सहायता

बीएनएम@ मोतिहारी




देश के सबसे बड़े मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2026 सत्र के लिए विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक विद्यार्थी महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र (केंद्र कोड-46040) के माध्यम से नामांकन संबंधी जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन केंद्र का संचालन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। केंद्र के समन्वयक डॉ. श्याम नंदन ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध है तथा विद्यार्थी मार्गदर्शन के लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं। जुलाई 2026 सत्र में इग्नू द्वारा स्नातक (ऑनर्स), स्नातक (एनईपी/एफवाईयूपी), वाणिज्य, स्नातकोत्तर तथा स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। स्नातक (ऑनर्स) के अंतर्गत बीए अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं संस्कृत में नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। वहीं एनईपी/एफवाईयूपी के तहत बीए, बीए अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, संस्कृत तथा बीकॉम कार्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में एमए अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, संस्कृत, हिंदी व्यावसायिक लेखन, इतिहास, एमकॉम तथा एमबीए शामिल हैं। इसके अलावा अनुवाद तथा डिजिटल मीडिया में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों में भी नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रावधानों के अनुरूप नियमित रूप से किसी अन्य विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से दूसरी डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इग्नू एक बेहतर विकल्प माना जाता है, जहां वे अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ दूसरी डिग्री भी अर्जित कर सकते हैं। इग्नू द्वारा संचालित कार्यक्रमों की प्रमुख विशेषताओं में यूजीसी मान्यता प्राप्त डिग्री, एनएएसी ए++ मान्यता, लचीली शिक्षण व्यवस्था, किफायती शुल्क संरचना, ऑनलाइन एवं दूरस्थ अध्ययन सुविधा, नौकरी के साथ पढ़ाई की व्यवस्था तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता शामिल हैं। विद्यार्थियों को स्व-अध्ययन सामग्री एवं डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध कराए जाते हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए इग्नू के कार्यक्रम एक उपयोगी और सुविधाजनक विकल्प हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, ताकि वे जुलाई 2026 सत्र में नामांकन का लाभ उठा सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने वाहन चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक मामले में बरामद वाहन को जब्त कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, झरोखर थाना क्षेत्र के सैनिक रोड अठमुहान के समीप वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल की एचएचडी (हैंड हेल्ड डिवाइस) मशीन से जांच की गई। जांच में मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर और चेसिस नंबर अलग-अलग पाया गया। सत्यापन के दौरान वाहन चोरी का निकला, जिसके संबंध में नगर थाना कांड संख्या 369/23 दर्ज पाया गया। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, ढाका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम चैनपुर में छापेमारी कर एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है। उधर, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपट्टी में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने कल्याणपुर थाना कांड संख्या 261/26 से संबंधित चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की। बरामद वाहन को जब्त कर लिया गया है तथा मामले में आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। एचएचडी मशीन के माध्यम से वाहनों का सत्यापन कर चोरी के वाहनों की पहचान की जा रही है तथा वाहन चोर गिरोहों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### HHD मशीन से जांच में तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एचएचडी (हैंड हेल्ड डिवाइस) मशीन की सहायता से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, कुंडवाचैनपुर थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान दो मोटरसाइकिलों की HHD मशीन से जांच की गई। जांच में एक मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर रिकॉर्ड से अलग पाया गया, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल के संबंध में पचपकरी थाना कांड संख्या 101/26 में चोरी का मामला दर्ज मिला। इसके बाद दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया गया। इस मामले में अभिषेक कुमार, पिता मुन्ना सिंह उर्फ जयप्रकाश सिंह, निवासी आश्रम मधुबनी, थाना चिरैया को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उसके साथ मौजूद एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। उधर, जितना थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर नेपाल सीमा से सटे सैनिक रोड स्थित हरका सती माई स्थान के समीप एक संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद की गई। HHD मशीन से जांच के दौरान पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है तथा इसके संबंध में सुगौली थाना कांड संख्या 210/24 दर्ज है। पुलिस ने तीनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है और संबंधित मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलेभर में HHD मशीन के माध्यम से नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि चोरी के वाहनों की पहचान और बरामदगी के लिए तकनीक का उपयोग आगे भी जारी रहेगा।

### बगहा की मोहिनी बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट, बधाई देने वालों का तांता

**बीएनएम@ बगहाः** प्रखंड बगहा एक के मझौवा पंचायत की होनहार छात्रा रितू कुमारी उर्फ मोहिनी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में सफलता हासिल कर पश्चिमी चंपारण जिले का नाम रोशन किया है। पूर्व मुखिया जयनारायण शाही के परिवार की मोहिनी ने सीमित संसाधनों और अभावों के बीच यह इतिहास रचा है।आर्मी स्कूल रांची से प्रारंभिक शिक्षा और इग्नू दिल्ली से बीकॉम करने वाली मोहिनी के पिता संतोष नारायण शाही भारतीय सेना के पूर्व सिपाही हैं, जो वर्तमान में योगापट्टी थाने में डायल-112 पर कार्यरत हैं। मोहिनी की इस शानदार उपलब्धि पर जदयू नेता सुजीत नारायण शाही, अर्जुन कुशवाहा, बबलू शाही और बबलू मिश्रा सहित सैकड़ों स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### वामदलों की बैठक, केंद्र और राज्य सरकार पर साधा निशाना

**बीएनएम@ बेतियाः** मीना बाजार स्थित रिक्शा मजदूर सभा भवन में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य प्रभुराज नारायण राव ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश इस वक्त गंभीर आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों से गुजर रहा है। गरीबों, दलितों और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों को दबाया जा रहा है तथा उनके रोजगार और आवासीय भूमि से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर किया जा रहा है।राव ने एलान किया कि बकुलहर मठ के पर्चाधारियों की मांग सहित विभिन्न स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर आगामी 10 अगस्त को बेतिया समाहरणालय पर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सामूहिक गिरफ्तारी देंगे। बैठक में जिला मंत्री चांदसी प्रसाद यादव ने संगठनात्मक प्रतिवेदन पेश किया, जबकि अध्यक्षता रामा यादव ने की। नेताओं ने आंदोलन की सफलता के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का संकल्प लिया।

### मोरवा के डॉ. प्रभात कुमार राय को न्यूरोलॉजी में पीएचडी

**पूर्व डाक कर्मी के पौत्र सफलता से जिला गौरवान्वित**

**बीएनएम@ समस्तीपुरः** कहा जाता है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। इसे सच कर दिखाया है समस्तीपुर जिले के मोरवा प्रखंड अंतर्गत चकपहाड़ पंचायत के होनहार युवा वैज्ञानिक डॉ. प्रभात कुमार राय ने। न्यूरोलॉजी (तंत्रिका विज्ञान) के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।पूर्व डाक कर्मी चन्देश्वर राय के पौत्र और अमरेंद्र प्रसाद राय के पुत्र डॉ. प्रभात ने एक साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर यह सफलता हासिल की है। मानव मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों के अध्ययन पर आधारित उनके शोध को शैक्षणिक जगत में काफी सराहना मिली है। जैसे ही उनकी इस बड़ी उपलब्धि की खबर गांव पहुंची, परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर हासिल की गई उनकी यह सफलता स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

### हिमांशु बने शेखपुरा जिले के नए एसपी

**बीएनएम@ शेखपुरा.** बिहार सरकार द्वारा जारी प्रशासनिक फेरबदल के तहत शेखपुरा जिले में नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) की नियुक्ति की गई है। 2018 बैच के युवा एवं ऊर्जावान आईपीएस अधिकारी हिमांशु को शेखपुरा का नया एसपी बनाया गया है। वर्तमान में वे सहरसा जिले के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात हैं और जल्द ही यहां अपना नया कार्यभार संभालेंगे। सहरसा में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।वहीं, शेखपुरा के निवर्तमान एसपी बलिराम कुमार चौधरी का तबादला कर उन्हें पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), विशेष शाखा, बिहार, पटना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बलिराम कुमार चौधरी के कार्यकाल में जिले में अपराधियों के खिलाफ कई सफल अभियान चलाए गए थे। सरकार के इस फैसले से जिले के पुलिस महकमे में नई प्रशासनिक व्यवस्था लागू होगी। स्थानीय लोगों को नए युवा एसपी हिमांशु से बेहतर पुलिसिंग, जन-संवाद और विधि-व्यवस्था की उम्मीदें हैं।

# ऐतिहासिक घोड़दौड़ पोखर को मिलेगी नई पहचान, पर्यटन हब बनाने की दिशा में तेजी से चल रहा विकास कार्य

**बीएनएम@ पताही**



पताही प्रखंड की पदुमकेर पंचायत स्थित ऐतिहासिक घोड़दौड़ पोखर अब पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। सदियों पुरानी इस ऐतिहासिक धरोहर को पर्यटन एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से विकसित करने के लिए चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने स्थानीय विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने को लेकर अधिकारियों और संवेदकों को आवश्यक निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त प्रयास से करोड़ों रुपये की लागत से इस ऐतिहासिक स्थल का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराया जा रहा है। परियोजना के तहत पोखर के आसपास आधुनिक सुविधाओं का विकास, आकर्षक संरचनाओं का निर्माण तथा पर्यटकों के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि कार्य पूर्ण होने के बाद यह स्थल पूर्वी चंपारण ही नहीं, बल्कि बिहार के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में अपनी पहचान बना सकता है। निरीक्षण के दौरान विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागीय अभियंताओं एवं संवेदकों को निर्देश दिया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सर्वोत्तम रखी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर घोड़दौड़ पोखर के ऐतिहासिक महत्व एवं इसके विकास को लेकर चर्चा की। स्थानीय लोगों ने भी अपने सुझाव और अपेक्षाएं उनके समक्ष रखीं। ग्रामीणों से संवाद करते हुए विधायक ने कहा कि घोड़दौड़ पोखर केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसके विकसित होने के बाद दूर-दराज से पर्यटक यहां पहुंचेंगे, जिससे क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्थानीय व्यवसाय, होटल, परिवहन और अन्य सेवा क्षेत्रों में भी विकास की नई संभावनाएं उत्पन्न होंगी। विधायक ने अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करने का निर्देश देते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना सभी की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान पकड़ीदयाल अनुमंडल पदाधिकारी मंगला कुमारी, पताही अंचलाधिकारी नाजनी अकरम, पदुमकेर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सरोज सिंह, टुनटुन सिंह सहित कई विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भी इस परियोजना को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

## 5 लाख की फिरौती के लिए अपहरण, चार घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

**बीएनएम@ बेतिया**

पश्चिम चंपारण पुलिस ने 5 लाख रुपये की फिरौती के लिए किए गए अपहरण कांड का महज चार घंटे में खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों अपहृत युवकों को सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, छीनी गई एक बाइक और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 18 जून को पुजहा पटजिरवा बनरही निवासी मंटू कुमार ने नगर थाना में आवेदन देकर बताया कि उनके भाई अर्जुन कुमार तथा चचेरे भाई नितेश कुमार का द्वार देवी चौक स्थित एक कपड़ा दुकान के पास से 4-5 अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया है। अपहर्ताओं ने दोनों की रिहाई के बदले 5 लाख रुपये फिरौती की मांग की तथा राशि नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना में कांड संख्या 352/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 अजीत कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में नगर थाना, मनुआपुल थाना एवं जिला सूचना इकाई के पदाधिकारियों को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिद्धार्थ प्रियदर्शी, मोनू कुमार, चंदन कुमार और बिट्टू राज के रूप में हुई है। सभी आरोपी मनुआपुल थाना क्षेत्र के छावनी गांव के निवासी हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अपहृत अर्जुन कुमार और नितेश कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर और पल्सर मोटरसाइकिल, छीनी गई एक अन्य पल्सर बाइक तथा छह मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि अपहृत नितेश कुमार द्वारा साइबर माध्यम से अर्जित संपत्ति की उगाही के उद्देश्य से आरोपियों ने अपहरण की घटना को अंजाम दिया था। हालांकि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 अजीत कुमार, नगर थाना के थानाध्यक्ष, पुलिस निरीक्षक मो. अकबर, पुलिस अवर निरीक्षक शुभम कुमार, सोनू कुमार जैसवाल, विश्वजीत कुमार, मनुआपुल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक उमलेश यादव, परिवीक्षाधीन पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा कुमार, अमित कुमार, जिला सूचना इकाई के पदाधिकारी एवं कर्मियों तथा सशस्त्र बल के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मद्यनिषेध अभियान में बड़ी सफलता, तस्कर गिरफ्तार; विदेशी शराब और मोटरसाइकिल जब्त

**बीएनएम@ अरेराज**



पूर्वी चंपारण जिले में मद्यनिषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अरेराज उत्पाद विभाग को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में उत्पाद विभाग की टीम ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में विदेशी शराब तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। जानकारी के अनुसार, अरेराज उत्पाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार को पहाड़पुर थाना क्षेत्र में शराब की खेप पहुंचने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद उनके नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया, जिसमें सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार सिंह, उत्पाद सिपाही कनक लाल यादव तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहाड़पुर थाना क्षेत्र के दक्षिणी नोनेया कचहरी टोला में घेराबंदी कर छापेमारी की। इस दौरान मौके से कुल 8.640 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (निबंधन संख्या BR22AY7446) को भी जब्त कर लिया गया। छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाभार वार्ड संख्या-04 निवासी स्वर्गीय जानकी चौधरी के पुत्र राजेश चौधरी (42 वर्ष) के रूप में की गई है। उत्पाद विभाग ने इस मामले में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (संशोधित 2018) की सुसंगत धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय शराब तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सघन अभियान जारी रहेगा।

## 12वें विश्व योग दिवस को सफल बनाने में जुटा भारत विकास परिषद, 21 जून को आईसीपी परिसर में लगेगा भव्य योग शिविर

**बीएनएम@ रक्सौल**



12वें विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले भव्य योग शिविर को सफल एवं जनभागीदारीपूर्ण बनाने के लिए भारत विकास परिषद, शाखा रक्सौल द्वारा नगर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। परिषद के सदस्यों ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों और योग प्रेमियों के बीच आमंत्रण पत्र वितरित कर उन्हें शिविर में शामिल होने का आग्रह किया। भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (भूमि पत्तन, रक्सौल) एवं भारत विकास परिषद, रक्सौल के संयुक्त तत्वावधान में पिछले पांच वर्षों से एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) परिसर में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी आयोजन को अधिक भव्य और प्रभावशाली बनाने की दिशा में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। परिषद के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी, सचिव नरेश कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक अरविंद जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि आमंत्रण पत्र वितरण के साथ-साथ आईसीपी प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर आयोजन की सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक इस शिविर में भाग लेकर योग के माध्यम से स्वास्थ्य एवं जागरूकता का संदेश प्राप्त कर सकें, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। परिषद के सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ ने बताया कि योग शिविर का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में प्रशिक्षित एवं ख्यातिप्राप्त योग शिक्षक चन्देश्वर प्रसाद साह के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री साह पिछले 23 वर्षों से नेपाल और बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में योग, प्राणायाम एवं आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रसार कर रहे हैं तथा उनकी पहचान एक समर्पित योग प्रशिक्षक के रूप में है। परिषद की महिला सहभागिता प्रमुख मेनका गुप्ता एवं संस्कार संयोजक नीतेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि योग शिविर को लेकर नगरवासियों में काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि आमंत्रण पत्र अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाए गए हैं तथा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ 21 जून को आयोजित योग शिविर में शामिल होकर योगाभ्यास करें और स्वस्थ, संतुलित तथा सकारात्मक जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएं।

## 7.9 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ

**बीएनएम@ डुमरियाघाट**

जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को एक व्यक्ति को 7.9 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शेख जुल्फेकार, पिता स्वर्गीय शेख मकबूल, निवासी जनेरवा, थाना बंजरिया, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिट्ठू बैग में छिपाकर रखे गए 7.9 किलोग्राम गांजा को बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में अभियुक्त को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद बैग से गांजा बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया है तथा अभियुक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किन क्षेत्रों में की जानी थी। पुलिस इस मामले में तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान करने में जुटी हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में नशा कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## महंगाई और पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

**आज डुमरा में होगा बड़ा प्रदर्शन**

**बीएनएम@ सीतामढ़ी**



बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में आगामी 20 जून को जिला मुख्यालय डुमरा में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन और घेराव कार्यक्रम की सफलता को लेकर गुरुवार को ललित आश्रम, गांधी मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने की, जिसमें जिले भर से आए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा विभिन्न प्रखंडों से अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। खाद्य पदार्थों, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी इसके खिलाफ लगातार आवाज उठा रही है।बैठक को वरिष्ठ नेता सीताराम झा, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, अंजारुल हक तौहीद, आफताब अंजुम बिहारी, ताराकांत झा, ऋतु ठाकुर एवं यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रोहन गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह राठौर, चुन्नू सिंह, नसीम खान, चंद्र भूषण सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डकैती की योजना बना रहे नौ अपराधी गिरफ्तार, हथियार व लूट का सामान बरामद

**बीएनएम@ बगहा**

पश्चिम चंपारण जिले के भैरोगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो पिस्टल, एक देशी कट्टा, कारतूस, धारदार चाकू, लूटे गए मोबाइल फोन, नकदी तथा दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक बगहा को गुप्त सूचना मिली थी कि भैरोगंज थाना क्षेत्र के हराह नदी किनारे स्थित एक आम बगीचे में कुछ लोग आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर विशेष टीम गठित कर बगीचे की घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही संदिग्ध भागने लगे, लेकिन जवानों ने सभी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दो पिस्टल, दो मैगजीन, पांच जिंदा कारतूस, एक देशी कट्टा, एक धारदार चाकू, 11,740 रुपये नकद, लूट में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, तीन लूटे गए मोबाइल फोन तथा अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे छह मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों में भैरोगंज थाना कांड संख्या 91/26 तथा रामनगर थाना कांड संख्या 402/26 में लूटे गए मोबाइल शामिल हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने खुलासा किया कि तनवीर खान के नेतृत्व में एक गिरोह संचालित किया जा रहा था, जो सुनसान स्थानों पर लूटपाट की योजना बनाकर घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह के सदस्य लूटे गए सामान को अन्य साथियों के माध्यम से बेचकर रुपये का बंटवारा करते थे। इस मामले में भैरोगंज थाना कांड संख्या 92/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों में तनवीर खान, गुड्डू अंसारी उर्फ इफ्तेहार, नबी आलम, मुराद अली, कलाम आलम, सरफराज आलम, कुनैन अंसारी, झुंझुनू उर्फ जूना तथा बिट्टू जायसवाल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह के कई सदस्यों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे पूर्व में हत्या, हत्या के प्रयास, गृहभेदन, चोरी तथा लूट के मामलों में आरोपित रह चुके हैं। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा व रामनगर, अंचल निरीक्षक रामनगर, थानाध्यक्ष भैरोगंज, मोहित कुमार, दुर्गेश कुमार, नवजीवन पासवान, अजीत कुमार सिंह, रमेश कुमार सहित भैरोगंज थाना एवं डीआईयू टीम के पुलिसकर्मी शामिल थे।

## लोगों में चिंता

नेता विपक्ष का सनसनीखेज बयान उस वक्त आया है, जब लोगों में चिंता बढ़ रही है। उधर युवा असंतोष की अभिव्यक्ति के रूप में सोशल मीडिया पर उभरी कॉकरोच जनता पार्टी सड़क पर उतरने जा रही है। राहुल गांधी के इस बयान से अनिश्चय और अस्थिरता के माहौल को हवा मिलेगी कि नरेंद्र मोदी सरकार का प्रशासन पर से नियंत्रण खत्म हो रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग, खुफिया एजेंसियों और न्यायपालिका के अंदर से उन्हें संदेश मिल रहे हैं, जिसका सार है कि सिस्टम पर कंट्रोल ढह रहा है। गांधी ने दावा किया कि ऊंचे पदों पर बैठे लोग चुनाव प्रक्रिया पर लोगों में बढ़े अविश्वास और आर्थिक दिक्कतों के कारण संभावित जन प्रतिक्रिया को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस नेता यह कहने की हद तक चले गए कि साल भर के अंदर या तो मोदी सरकार गिर जाएगी या संभव है कि वह इमरजेंसी लगाने जैसे कदम उठा ले! नेता विपक्ष ने यह सनसनीखेज बयान उस वक्त दिया है, जब गहराते आर्थिक एवं वित्तीय संकट को लेकर चिंता बढ़ रही है, परीक्षा व्यवस्था में जाहिर हुई गड़बड़ियों से युवा वर्ग नाराज है, तथा इन हालात के प्रतिक्रिया स्वरूप सोशल मीडिया पर उभरी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार से सड़क पर उतरने का इरादा जताया है। बुधवार को सीजेपी की पहली प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया का खूब जमावड़ा लगा। शनिवार को प्रस्तावित उसके विरोध प्रदर्शन को कई मशहूर शख्सियतों का समर्थन मिला है। ये परिघटना अपने- आप में समाज खासकर नौजवानों में गहराए असंतोष का संकेत है। इसके बीच विपक्ष के नेता का यह कहना कि आ रही आर्थिक सुनामी को रोकना अब संभव नहीं है और प्रशासनिक तौर पर देश "फुल कंट्रोल से आउट ऑफ कंट्रोल" के दौर में जा रहा है, देश के निकट एवं मध्यकालिक भविष्य को लेकर नई आशंकाओं को जन्म देगा। ऐसे हालात बनने का एक बड़ा कारण सत्ता पक्ष की तरफ हर विरोध और असहमति के प्रति अपनाई गई असहनशीलता है। इससे राजनीति एवं समाज के स्तर पर असहमत खेमों के बीच संवाद टूटा हुआ है। बहरहाल, अब हालात बेहद चिंताजनक रूप ले रहे हैं। अतः अपेक्षित है कि शासक दल संवाद के तार जोड़े। विपक्ष एवं असंतुष्ट समूहों को शिकायतों के निवारण के प्रति आश्वस्त कर ही बढ़ते अविश्वास पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

# राम का नाम बदनाम ना करो

**विनोद कुमार सिंह 'तकियावाला'**

राम मंदिर,आस्था,प्रबंधन और जवाबदेही के बीच उठते सवाल -राम-राम जपना,चढ़ावे का मालअपना ?

भारत की पहचान केवल उसकी भौगोलिक सीमाओं,भाषाई विविधता या सांस्कृतिक विरासत से नहीं होती,बल्कि उसकी गहरी धार्मिक चेतना और आस्था से भी होती है।यहाँ मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं हैं,बल्कि समाज की भावनाओं,विश्वासों और सांस्कृतिक निरंतरता के केंद्र भी हैं। करोड़ों लोग अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए मंदिरों में दान,दक्षिणा, चढ़ावा और सेवा अर्पित करते हैं।यह दान केवल आर्थिक लेन-देन नहीं होता,बल्कि भक्त और भगवान के बीच विश्वास का एक आध्यात्मिक सेतु होता है।यही कारण है कि जब किसी धार्मिक संस्था,ट्रस्ट या मंदिर के प्रबंधन को लेकर प्रश्न उठते हैं, तब मामला केवल प्रशासनिक या आर्थिक नहीं रह जाता,बल्कि सीधे-सीधे आस्था,विश्वास और जवाबदेही से जुड़ जाता है।ऐसे समय में लोकजीवन में प्रचलित एक पुरानी कहावत अचानक चर्चा के केंद्र में आ जाती है- "राम-राम जपना,चढ़ावे का माल अपना।" यह कहावत किसी धर्म, देवता या आस्था का उपहास नहीं करती,बल्कि उन प्रवृत्तियों पर व्यंग्य करती है जो धर्म और नैतिकता की बात तो करती हैं, किंतु व्यवहार में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व से दूर दिखाई देती हैं। आज जब अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुका है,तब यह कहावत कुछ असहज किंतु आवश्यक प्रश्न भी खड़े करती है।अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण केवल एक धार्मिक परियोजना नहीं था।यह स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े जन आंदोलनों में से एक था।दशकों तक चले संघर्ष,सामाजिक विमर्श, राजनीतिक बहसों और न्यायिक प्रक्रिया के बाद जब मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ, तब देश के कोने-कोने से लोगों ने इसे अपनी व्यक्तिगत आस्था का विषय मानकर सहयोग दिया। गाँवों से लेकर महानगरों तक,भारत से लेकर विदेशों तक,करोड़ों लोगों ने आर्थिक और भावनात्मक रूप से इस अभियान में भागीदारी की।

किसी ने एक रुपया दिया,किसी ने लाखों रुपये का दान किया।अनेक श्रद्धालुओं ने सोना,चाँदी,हीरे,मोती और बहुमूल्य रत्न अर्पित किए। कई परिवारों ने पीढ़ियों से संभालकर रखे गए आभूषण रामलला को समर्पित कर दिए। महिलाओं ने अपने विवाह के गहने तक दान कर दिए।बुजुर्गों ने अपनी जीवनभर की बचत का हिस्सा भगवान के चरणों में अर्पित किया। यह केवल आर्थिक योगदान नहीं था,बल्कि श्रद्धा,समर्पण और विश्वास की अभिव्यक्ति थी।

राम मंदिर आंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता यही रही कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी दिखाई दी। गरीब,मध्यमवर्गीय और संपन्न - सभी ने अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दिया। यही कारण है कि मंदिर से जुड़ा प्रत्येक संसाधन केवल संपत्ति नहीं,बल्कि करोड़ों लोगों के विश्वास का प्रतीक माना जाता है।लोगों ने यह मानकर दान दिया कि उनका योगदान भगवान राम के भव्य मंदिर और उससे जुड़े धार्मिक-सांस्कृतिक उद्देश्यों की पूर्ति में लगेगा।भारतीय संस्कृति में दान और चढ़ावे की परंपरा अत्यंत प्राचीन है।मंदिरों को सदियों से समाज ने केवल पूजा स्थलों के रूप में नहीं,बल्कि लोककल्याण के केंद्र के रूप में भी देखा है।इतिहास गवाह है कि अनेक मंदिरों ने शिक्षा,चिकित्सा,सामाजिक सहायता और सांस्कृतिक संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रद्धालु जब मंदिर में चढ़ावा चढ़ाते हैं,तब वे केवल धन नहीं देते, बल्कि संस्था के प्रति अपना विश्वास भी सौंपते हैं।यही विश्वास किसी भी धार्मिक संस्था की सबसे बड़ी पूँजी होता है।यही कारण है कि जब चढ़ावे में प्राप्त बहुमूल्य वस्तुओं, आभूषणों और रत्नों के संबंध में किसी प्रकार की अनियमितता,चोरी अथवा अभिलेखीय विसंगतियों की चर्चा सामने आती है,तो समाज में स्वाभाविक रूप से चिंता उत्पन्न होती है।पिछले कुछ समय से विभिन्न माध्यमों में ऐसी खबरें और आरोप चर्चा का विषय बने कि श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई कुछ बहुमूल्य वस्तुओं के संबंध में प्रश्न उठे हैं।कुछ शिकायतों में यह आशंका व्यक्त की गई कि चढ़ावे में प्राप्त मूल्यवान वस्तुओं के रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति को लेकर पारदर्शिता अपेक्षित स्तर की नहीं है।इन चर्चाओं ने मामले को सार्वजनिक विमर्श का विषय बना दिया और जाँच एजेंसियों की संभावित भूमिका को लेकर भी प्रश्न उठने लगे।यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि किसी भी आरोप को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आरोप,जाँच और न्यायिक निष्कर्ष तीन अलग-अलग चरण होते हैं।केवल आरोपों के आधार पर किसी संस्था या व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। साथ ही जब मामला करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हो, तब उठ रहे प्रश्नों को केवल अफवाह कहकर खारिज कर देना भी उचित नहीं माना जा सकता।जनविश्वास बनाए रखने के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों अनिवार्य हैं।राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं,बल्कि राष्ट्रीय भावना, सांस्कृतिक चेतना और सभ्यतागत स्मृति का प्रतीक है। इसीलिए उससे जुड़े प्रत्येक निर्णय,प्रत्येक व्यवस्था और प्रत्येक संसाधन पर समाज की निगाह रहती है। श्रद्धालु यह जानना चाहते हैं कि उनके द्वारा समर्पित धन और बहुमूल्य वस्तुओं का संरक्षण किस प्रकार किया जा रहा है,उनका लेखा-जोखा कैसे रखा जा रहा है,क्या स्वतंत्र ऑडिट की व्यवस्था है,क्या समय-समय पर सार्वजनिक रिपोर्ट जारी की जाती है तथा क्या चढ़ावे का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित और सत्यापित रूप में उपलब्ध है।ये प्रश्न किसी धर्म, व्यक्ति या संस्था विशेष के विरोध में नहीं हैं।वास्तव में ये प्रश्न उन करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की रक्षा से जुड़े हैं जिन्होंने राम मंदिर निर्माण को अपना व्यक्तिगत और सांस्कृतिक दायित्व मानकर सहयोग दिया था।लोकतांत्रिक समाज में पारदर्शिता को अविश्वास का प्रतीक नहीं,बल्कि विश्वास को और अधिक मजबूत करने का माध्यम माना जाता है।यहीं पर राम मंदिर निर्माण और उसके संचालन से जुड़ी प्रबंधन व्यवस्था तथा प्रबंधन समिति की भूमिका चर्चा के केंद्र में आ जाती है।किसी भी बड़े धार्मिक संस्थान की विश्वसनीयता केवल उसकी भव्यता से निर्धारित नहीं होती।उसके प्रशासनिक मानक,वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है।यदि प्रबंधन व्यवस्था पारदर्शी,व्यवस्थित और उत्तरदायी दिखाई देती है, तो श्रद्धालुओं का विश्वास स्वतः बढ़ता है।यदि कहीं अस्पष्टता या सूचना का अभाव दिखाई देता है,तो प्रश्न उठना स्वाभाविक हो जाता है।

जब किसी संस्था को जनता का व्यापक समर्थन और संसाधन प्राप्त होते हैं,तब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ जाती है।श्रद्धालु यह अपेक्षा करते हैं कि मंदिर से जुड़े सभी आर्थिक और प्रशासनिक कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित हों।यदि कहीं कोई शिकायत या संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका समाधान तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर किया जाए। यही किसी भी प्रतिष्ठित संस्था की साख को मजबूत करने का सबसे प्रभावी तरीका है।भारत का संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था यह स्पष्ट करती है कि कोई भी संस्था कानून से ऊपर नहीं है।चाहे वह धार्मिक संस्था हो,सामाजिक संगठन हो, राजनीतिक दल हो अथवा कोई बड़ी कॉरपोरेट इकाई—सभी के लिए कानून समान है। इसलिए यदि किसी प्रकार की शिकायत सामने आती है,तो जाँच एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।हालाँकि जाँच एजेंसियों की भूमिका को लेकर भी संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है।किसी संस्था के विरुद्ध जाँच होना अपराध सिद्ध होने का प्रमाण नहीं होता।जाँच का उद्देश्य दोषी ठहराना नहीं,बल्कि सत्य तक पहुँचना होता है।यदि सब कुछ व्यवस्थित और पारदर्शी है, तो जाँच संस्था की विश्वसनीयता को और मजबूत कर सकती है। यदि कहीं कोई त्रुटि या अनियमितता है, तो उसका सामने आना भी आवश्यक है।यही कानून के शासन का मूल आधार है।दुर्भाग्य से समाज में अक्सर दो चरम स्थितियाँ देखने को मिलती हैं।एक वर्ग बिना किसी निष्कर्ष के ही आरोपों को सत्य मान लेता है। दूसरा वर्ग केवल भावनाओं के आधार पर हर प्रश्न को साजिश घोषित कर देता है।दोनों ही दृष्टिकोण स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श के लिए उचित नहीं हैं।सत्य तक पहुँचने का मार्ग तथ्यों, प्रमाणों और निष्पक्ष जाँच से होकर गुजरता है।

भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति में मर्यादा,न्याय और सत्य के सर्वोच्च प्रतीक माने जाते हैं। रामराज्य की अवधारणा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि सुशासन का आदर्श भी है। रामराज्य का अर्थ ऐसी व्यवस्था से है जहाँ शासन पारदर्शी हो,न्याय निष्पक्ष हो और जनता का विश्वास सर्वोपरि हो। वहाँ राजा स्वयं भी नैतिक जवाबदेही से मुक्त नहीं था। यही कारण है कि भगवान राम आज भी केवल धार्मिक श्रद्धा के विषय नहीं,बल्कि आदर्श शासन और नैतिक नेतृत्व के प्रतीक माने जाते हैं।यदि राम के नाम पर निर्मित किसी संस्था या व्यवस्था में पारदर्शिता की माँग उठती है,तो उसे विरोध के रूप में नहीं,बल्कि रामराज्य के आदर्शों के अनुरूप सुधार की प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए।आखिर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन स्वयं सत्य, मर्यादा और उत्तरदायित्व का संदेश देता है।इतिहास गवाह है कि धर्म का उद्देश्य सदैव समाज को नैतिक दिशा देना रहा है।मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं ने शिक्षा, सेवा, समाज-सुधार तथा जनकल्याण के अनेक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारतीय समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति सम्मान का एक बड़ा कारण उनकी सेवा-परंपरा भी रही है।

(स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# सहूलियत, सम्मान और सेहत... हर घर नल से बदली जिंदगी

**कमलेश साहू**

रोज सुबह उठते ही घर में नल से साफ पानी आते देखने की खुशी क्या होती है, इसे कमली से पूछिए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव को अपने आंगन में लगे नल से आ रहे पानी की धार को दिखाते खुशी से उनकी आंखें डबडबा गईं। जल जीवन मिशन ने कमली जैसी हजारों महिलाओं को अमूल्य खुशियां दी हैं। कभी पीने और निस्तारी के पानी के लिए दिनभर चिंतित रहने वाली इन महिलाओं का जीवन घर में लगे नल ने बदल दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव अपने चार दिनों के बस्तर प्रवास के दौरान जल जीवन मिशन का काम देखने कमली के भी गांव पहुंचे। कमली के गांव बस्तर जिले के तोकापाल विकासखण्ड के दुगनपाल में उन्होंने कुछ और घरों में भी जाकर नल से पानी आते देखा। जल जीवन मिशन से घर में पानी पहुंचने की खुशी सभी महिलाओं के चेहरे पर दिख रही थी। जल जीवन मिशन दूरस्थ गांवों और वनांचलों की महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। आधी आबादी के एक बड़े हिस्से को पीने के पानी के लिए रोज जूझना पड़ता था। खासतौर से गर्मियों के दिनों में जब हर साल सिर पर पानी के बर्तन का सफर कुछ सौ मीटरों से कुछ किलोमीटरों में बदल जाता था। जीवन के लिए अनिवार्य जरुरत पानी की व्यवस्था गर्मियों में महिलाओं का जीवन दुष्कर बना देती थी। दुगनपाल में भी महिलाओं को रोज गांव के हैंडपंप या कुआं पर जाकर घर के सभी लोगों के लिए पानी का इंतजाम करना पड़ता था। घर में नल लग जाने से अब इस समस्या से निजात मिल गई है। जल जीवन मिशन के काम जैसे-जैसे पूरे होते जा रहे हैं, महिलाओं की बाहर से पानी लाने की चिंता और तकलीफ दूर होते जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अब तक साढ़े आठ हजार से अधिक योजनाओं को पूर्ण कर संचालन के लिए पंचायतों को सौंपा जा चुका है। जल जीवन मिशन महज हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना नहीं है। यह महिलाओं की दिनचर्या और जीवन में भी बड़ा बदलाव ला रहा है। गांवों में परंपरागत रूप से घर में पेयजल और अन्य जरूरतों के लिए पानी के इंतजाम का जिम्मा महिलाओं पर ही है। घर तक पानी की पहुंच न होने के कारण उन्हें हैंडपंपो, सार्वजनिक नलों, कुंओं या अन्य स्त्रोतों से रोज पूरे परिवार के लिए जल संग्रहण करना पड़ता है। रोजाना का यह श्रमसाध्य और समयसाध्य काम बारिश तथा भीषण गर्मी के दिनों में और कठिन हो जाता है। कई इलाकों में गर्मियों में जलस्त्रोतों के सूख जाने के कारण दूर-दूर से पानी लाने की मजबूरी रहती है। परिवार के लिए पानी की व्यवस्था हर दिन का संघर्ष बन जाता है। महिलाओं के दिन के कई घंटे इसी काम में निकल जाते हैं। जल जीवन मिशन हर घर तक नल से जल पहुंचाने के साथ ही महिलाओं को कई समस्याओं से निजात दिला रहा है। घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचने से वे कई चिंताओं से मुक्त हो गई हैं। अब रोज-रोज पानी के लिए बहुत सारा श्रम और समय नहीं लगाना पड़ता। इससे उन्हें घर के दूसरे कामों, बच्चों की परवरिश, खेती-बाड़ी एवं आजीविका के अन्य कार्यों के लिए अधिक समय मिल रहा है और वे इन कार्यों पर अपना ज्यादा ध्यान व समय दे पा रही हैं। जल जीवन मिशन से बारहों महीने घर पर ही जलापूर्ति से लगातार बारिश तथा गर्मी के दिनों में बाहर से पानी लाने की मुसीबत दूर हो गई है। गर्मियों में जलस्तर के नीचे चले जाने से तथा बरसात में लगातार बारिश से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। गुणवत्ताहीन पेयजल से पेट तथा निस्तारी के लिए खराब जल के उपयोग से त्वचा संबंधी रोगों का खतरा रहता है। जल जीवन मिशन ने सेहत के इन खतरों को भी दूर कर दिया है।



लेखक सहायक संचालक जनसंपर्क हैं

# भारत के विकास का आधारः आधारभूत संरचना

पिछले एक दशक में, भारत ने परिवहन, आवास, जल, ऊर्जा, रसद और डिजिटल नेटवर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में ढ़ांचागत निर्माण में नई रफ्तार हासिल की है। बड़े पैमाने पर किए गए निवेशों से आवागमन में सुधार हुआ है, सेवा वितरण मजबूत हुआ है, डिजिटल पहुंच व्यापक हुई है और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिला है। प्रगति, पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय रसद नीति, सागरमाला, पीएम-वानी, जल जीवन मिशन और उड़ान जैसी एकीकृत नियोजन पहलों ने एक जुड़े हुए और प्रतिस्पर्धी भारत की परिकल्पना को आकार दिया है। इन पहलों ने प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाया है और भारत को एक आधुनिक और एकीकृत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर होने में सहयोग दिया है।

राष्ट्र निर्माण के साधन के रूप में आधारभूत संरचनाःआधारभूत संरचना आज पूरे देश में रोजमर्रा की जिंदगी और अनुभवों को आकार देती है। सड़कें, रेलवे, हवाई अड्डे, डिजिटल नेटवर्क, आवास, जल आपूर्ति और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों ने ज़रुरी सेवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है। इन प्रणालियों ने लोगों के यात्रा करने, डिजिटल रूप से जुड़ने और आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने के तरीके को भी प्रभावित किया है। 2014 के बाद से, आधारभूत संरचना विकास तेजी से व्यापकता, एकीकरण और दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर केंद्रित हो गया है।

इस अवधि के दौरान एक बड़ा बदलाव आधारभूत संरचना नियोजन का एकीकरण था, जो पहले की खंडित परियोजना क्रियान्वयन की प्रथा के उलट था। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2014-15 में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह सभी क्षेत्रों में दीर्घकालिक ढ़ांचागत निर्माण पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। सागरमाला, भारतमाला, पीएम गतिशक्ति, पीएमएवाई, जल जीवन मिशन, पीएम उज्ज्वला योजना और उड़ान जैसी प्रमुख परियोजनाओं ने अवसंरचना तक पहुंच का विस्तार किया। इन पहलों ने ढ़ांचागत विकास को घरेलू कल्याण, आर्थिक अवसर और क्षेत्रीय विकास से जोड़ा।

गतिशीलता और संपर्कःपरिवहन नेटवर्क आर्थिक एकीकरण की रीढ़ की हड्डी हैं। राजमार्गों और रेल मार्गों से लेकर हवाई अड्डों, जलमार्गों और शहरी परिवहन प्रणालियों तक, परिवहन के विभिन्न साधनों में किए गए निवेश ने संपर्क को और मजबूत किया है। ये नेटवर्क मिलकर एक अधिक सुगम और एकीकृत गतिशील तंत्र का निर्माण कर रहे हैं।

रेलवेःभारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे में 2014 से व्यापक परिवर्तन हुए हैं, जिससे परिचालन में क्षमता, दक्षता, सुरक्षा और सेवा वितरण में सुधार हुआ है। बजटीय सहायता 2014-15 में लगभग ?32,000 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में ?2.78 लाख करोड़ हो गई, जो लगभग नौ गुना वृद्धि है।

विद्युतीकरण में तेजी से प्रगति हुई है, जो 2014 से पहले लगभग 20त्न नेटवर्क से बढ़कर मार्च 2026 तक 99.6त्न हो गया। कुल 69,873 किलोमीटर मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है, जिससे ऊर्जा दक्षता में सुधार हुआ है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हुई है। इस परिवर्तन से परिचालन लागत में भी कमी आई है और पर्यावरण के अनुकूल रेलवे संचालन को बढ़ावा मिला है।

भारत की स्वदेशी वंदे भारत ट्रेनें बेहतर गति, आराम और ऑनबोर्ड तकनीक प्रदान करके आधुनिक रेल यात्रा को और भी बेहतर बनाती हैं। अप्रैल 2026 तक, देश भर में 162 वंदे भारत सेवाएं परिचालन में हैं। 16 और 20 कोच वाली अधिक क्षमता वाली ट्रेनों से यात्रियों की सुविधा और आवागमन में सुधार हो रहा है। जनवरी 2026 में शुरू हुई वंदे भारत स्लीपर में पहले तीन महीनों में 119 ट्रिप में 1.21 लाख यात्रियों ने सफर किया, जिसमें 100त्न सीटें भरी रहीं। भारतीय रेलवे ने अमृत भारत एक्सप्रेस के ज़रिए किफायती लंबी दूरी की यात्रा को भी बढ़ावा दिया है। कुल 60 ट्रेन सेवाएं अब चालू हैं, जिससे निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए संपर्क और यात्री सुविधा में सुधार हुआ है।

भारत मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) कॉरिडोर के साथ अपने हाई-स्पीड रेल बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ा रहा है, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर को 320 किमी प्रति घंटे तक की गति से चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह उन्नत रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और ट्रेन नियंत्रण प्रणालियों द्वारा समर्थित है। केंद्रीय बजट 2026-27 में देश भर में सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की योजनाओं की भी घोषणा की गई। अमृत भारत स्टेशन योजना (2023) रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए शुरू की गई थी। इस योजना के तहत, चिन्हित 1,338 स्टेशनों में से 208 स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य पूरा किया गया। सुरक्षा प्रणालियों और परिचालन उन्नयन ने रेलवे नेटवर्क में विश्वसनीयता को भी मजबूत किया। ट्रेनों की समयबद्धता 77त्न से अधिक हो गई, जिसमें 24 डिवीजनों ने 90त्न से अधिक समय पर चलने का प्रदर्शन हासिल किया। भारत की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच के ज़रिए रेल सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। यह तकनीक ट्रेनों की गति पर नज़र रखती है और टक्करों और असुरक्षित संचालन को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगाती है। कवच प्रणाली को 3,103 किलोमीटर मार्ग पर लागू किया जा चुका है, जबकि प्रमुख गलियारों में 24,427 किलोमीटर मार्ग पर इसका कार्यान्वयन जारी है।

यह प्रणाली 4,277 लोकोमोटिव पर भी स्थापित की जा चुकी है और 8,979 लोकोमोटिव पर कार्य प्रगति पर है। कवच संस्करण 4.0 को दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-हावड़ा और प्रयागराज-कानपुर जैसे प्रमुख मार्गों पर चालू कर दिया गया है। परिणामस्वरूप, ट्रेन दुर्घटनाएं 2014-15 में 135 से घटकर 2025-26 में 16 रह गईं।

समर्पित कार्गो अवसंरचना और मल्टीमॉडल प्रणालियों के माध्यम से माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स एकीकरण में भी सुधार हुआ है। पीएम गति शक्ति योजना के तहत, 139 टर्मिनल चालू हो गए हैं, जबकि 300 अतिरिक्त स्थानों के विकास को मंजूरी दी गई है। इन टर्मिनलों ने कार्गो हैंडलिंग दक्षता को बढ़ाया है, पारगमन में देरी को कम किया है और विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला संपर्क को मजबूत किया है। प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं ने दुर्गम भूभागों और रणनीतिक क्षेत्रों में संपर्क को मजबूत किया है।

चेनाब पुल (2025)ः चेनाब नदी से 359 मीटर ऊपर स्थित, यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे मेहराब पुल है। 1,315 मीटर लंबी यह स्टील से बना पुल तेज हवाओं और भूकंपीय स्थितियों का सामना करने के लिए निर्मित है। यह पुल जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क को मजबूत करता है और यात्रा के समय को कम करता है।




**मेष राशिः** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। शुभ अंक - 2

**वृष राशिः** आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। सुबह-सुबह व्यायाम करने से सेहत अच्छी बनी रहेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। शुभ अंक - 5

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। आज रुका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। शुभ अंक - 2

**कर्क राशिः** आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात काबू में रखें., फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको खास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। शुभ अंक - 4

**सिंह राशिः** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे। फालतू की शॉपिंग से बचें और अपनी आर्थिक स्थिति कों मजबूत करें। शाम को बच्चों के साथ खेलने से मानसिक तनाव कम होगा। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। शुभ अंक - 6

**कन्या राशिः** आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगे। शुभ अंक - 8

**तुला राशिः** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज कुछ निजी काम में आपको बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। नवविवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिये जायेंगे। आज जीवनसाथी आपको ख़ूबसूरत तोहफा दे सकते है। शुभ अंक - 6

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगे तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। किसी पर तुरंत भरोसा न करें, वरना कोई आपके सीधेपन का फायदा उठा सकता है। शुभ अंक - 1

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। शुभ अंक - 6

**मकर राशिः** आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगे। पुरानी टेंशन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है। शुभ अंक - 4

**कुंभ राशिः** आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। नवविवाहित दंपत्ति को किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। वहां किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी। नए व्यापार में माता-पिता की राय कारगर रहेगी। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। बाहर रहकर पढ़ रहे छात्रों को बड़ी सफलता मिल सकती है। शुभ अंक - 7

**मीन राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा। किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे जिससे मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के कामों से दूरी रखें। आपको प्रसन्नता मिलेगी। शुभ अंक - 2

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# अंतिम मिनटों में टूटा भारत का सपना, जर्मनी ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में 2-1 से हराया

**एजेंसी, रॉटरडैम**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के रॉटरडैम चरण में शुक्रवार को मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ शानदार संघर्ष किया, लेकिन अंतिम क्षणों में मैच हाथ से निकल गया और भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए जुगराज सिंह ने अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को यादगार बनाते हुए गोल दागा, लेकिन जर्मनी ने अंतिम चार मिनट में दो गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

मुकाबले की शुरुआत में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखते हुए जर्मनी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। मजबूत रक्षापंक्ति के कारण विश्व चैम्पियन टीम पहले हाफ में स्पष्ट अवसर नहीं बना सकी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने तेज दबाव बनाते हुए जर्मनी को लगातार गलती करने पर मजबूर किया। अभिषेक ने भारत के लिए एक अच्छा मौका बनाया, लेकिन टीम बढ़त हासिल नहीं कर सकी। तीसरे क्वार्टर में भारत को पहला पेनाल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज सिंह ने 38वें मिनट में जोरदार ड्रैग फ्लिक लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह उनके करियर के 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच का खास पल बन गया। जर्मनी ने तीसरे क्वार्टर के अंत में लगातार हमले किए, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित एचएस ने शानदार बचाव करते हुए बढ़त कायम रखी। अंतिम क्वार्टर में भारत के पास अंतर बढ़ाने के अवसर आए, लेकिन टीम उन्हें गोल में नहीं बदल सकी। इसका फायदा उठाते हुए जर्मनी ने 56वें मिनट में जस्टस वाइगांड के पेनाल्टी कॉर्नर गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद मुकाबले के अंतिम सेकंडों में जर्मनी को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिसे याकॉब ब्रिला ने गोल में बदलते हुए अपनी टीम को 2-1 से जीत दिला दी। हार के बावजूद भारतीय टीम ने पूरे मुकाबले में विश्व चैम्पियन जर्मनी को कड़ी चुनौती दी और अपने खेल से प्रभावित किया। भारत अब 21 जून को भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे अपने अगले मुकाबले में नीदरलैंड्स का सामना करेगा।

## अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में हर्षित राणा की वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार (19 जून) को पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मुकाबले के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया है। हर्षित राणा पिछले कुछ समय से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे थे। अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है और वह चेन्नई में भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच 20 जून को चेन्नई में तीसरा और आखिरी वनडे खेला जाएगा। 24 वर्षीय हर्षित राणा इस साल टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैच के दौरान घुटने की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह टीम में मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया था। चोट के कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में भी हिस्सा नहीं ले सके और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मैदान पर नहीं उतर पाए। हालांकि लंबे पुनर्वास के बाद राणा को इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के साथ-साथ जापान में होने वाले एशियाई खेलों की संभावित योजनाओं में भी शामिल किया गया था। अब उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी चेन्नई वनडे से ही हो सकती है, यदि उन्हें अंतिम एकादश में मौका मिलता है। हर्षित राणा ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला टी-20 विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम वनडे में उन्होंने तीन विकेट लेने के साथ निचले क्रम में 43 गेंदों पर 52 रन भी बनाए थे। अब तक खेले 14 वनडे मुकाबलों में वह 26 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। भारत फिलहाल तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए है। टीम ने धर्मशाला और लखनऊ में खेले गए पहले दो मुकाबले जीत लिए थे। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला शनिवार (20 जून) को चेन्नई में खेला जाएगा।

## शुरुआती दिनों में तेज गेंदबाजी करते थे अनिल कुंबले

**एजेंसी, मुम्बई**



भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे अनिल कुंबले ने कहा है कि वह अपने करियर के शुरुआती दिनों में तेज गेंदबाजी करते थे पर जब उनके गेंदबाजी एक्शन पर सवाल उठे तो मजबूरन उन्हें लेग स्पिन अपनानी पड़ी थी। कुंबले का कहना है कि स्कूल और क्लब क्रिकेट खेलते समय वे तेज गेंदबाजी करते थे पर एक एक सीनियर खिलाड़ी ने उनके गेंदबाजी एक्शन पर सवाल उठा दिये थे जिसके बाद उन्हें स्पिन अपनानी पड़ी। कुंबले ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा, क्लब के एक सीनियर खिलाड़ी ने कोच से मुझे गेंदबाजी करने से रोकने के लिए कहा क्योंकि उन्हें लगा कि मैं अपनी कोहनी मोड़ रहा हूं। तब मुझे पता भी नहीं चला कि मैं कोहनी मोड़ रहा हूं। मैं वैसे ही गेंदाबाजी कर रहा था जैसा मुझे स्वाभाविक लगता था। उस समय मैं लगभग 13-14 साल का था। इस आरोप के कारण मुझे कर्नाटक अंडर-15 चयन ट्रायल से कुछ सप्ताह पहले ही कोई दूसरा रास्ता निकालना था। ऐसें में उन्होंने अपने भाई से सलाह ली जिन्होंने टीम में चुने जाने की संभावना बढ़ाने के लिए उन्हें लेग स्पिन अपनाने का सुझाव दिया।

कुंबले ने कहा, फिर मुझे अंडर-15 चयन ट्रायल देने का अवसर मिला। इसमें दो माह का समय था। तब तक मैं तेज गेंदबाजी नहीं कर सकता था क्योंकि लोग पहले ही कह रहे थे कि मेरा एक्शन सही नहीं है।

## टीम में जगह बनाये रखने के लिए प्रदर्शन के साथ ही फिटनेस भी जरुरी : मनप्रीत

**एजेंसी, नई दिल्ली** । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा है टीम में जगह बनाये रखने के लिए प्रदर्शन के साथ ही फिटनेस पर भी ध्यान देना सबसे जरुरी है। मनप्रीत ने कहा कि फिटनेस बनी रहने के कारण ही वह भारत की ओर से सबसे अधिक मैच खेलने की उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे हैं। मनप्रीत ने खेल में अपनी सफलता का श्रेय अपने फिटनेस को दिया है। साथ ही कहा है कि अपनी फिटनेस पर ध्यान देने के कारण ही वह इतने लंबे समय तक वह देश के लिए खेल पाए हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि टीम में बने रहने के लिए उम्र और अनुभव पर ध्यान न देते हुए लगातार बेहतर प्रदर्शन करना होता है। साथ ही कहा कि जैसे-जैसे मैचों की संख्या बढ़ती है फिटनेस भी बनाये रखनी होती है। अगर फिटनेस कमजोर पड़ती है तो टीम में जगह भी हाथ से निकल जाती है। मनप्रीत ने कहा, कोचिंग स्टाफ का भी हमेशा से यह कहना रहा है कि प्रदर्शन और चयन फिटनेस से जुड़े रहते हैं। इसलिए अगर आपको टीम में बने रहना है, तो आपको हर समय फिटनेस बनाये रखनी होगी। यहां तक कि ब्रेक के दौरान भी लापरवाही नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, जब भी मैं ब्रेक पर होता हूं या शिविर में होता हूं, तो मैं फिट रहने के लिए अपना रूटीन जारी रखता हूं।

## कप्तान बनकर केकेआर जा सकते हैं सूर्यकुमार : उथप्पा

**एजेंसी, मुम्बई**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में असफल रहे मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के किसी अन्य टीम में जाने की अटकलों के बीच ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि आईपीएल 2027 से पहले सूर्यकुमार मुम्बई को छोड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम में कप्तान बनकर जा सकते हैं। उथप्पा ने मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए सूर्यकुमार के केकेआर में जाने की संभावना को प्रबल बताया। उनके अनुसार, केकेआर को भी भविष्य के लिए एक अनुभवी कप्तान की जरुरत है और सूर्यकुमार इस भूमिका के लिए एक बेहतीन विकल्प हो सकते हैं। हाल ही में सूर्यकुमार द्वारा इंस्टाग्राम पर मुंबई इंडियंस को कुछ समय के लिए अनफॉलो करने और फिर दोबारा फॉलो करने की घटना ने भी उनके फ्रेंचाइजी छोड़ने की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने इसे मुम्बई के साथ उनके रिश्तों में आई दरार का संकेत माना, हालांकि बाद में उन्होंने टीम को फिर से फॉलो कर लिया था। गौरतलब है कि आईपीएल 2026 सूर्यकुमार यादव के लिए काफी निराशाजनक सत्र रहा। इसमें उनके फॉर्म पर सवाल खड़े किए। उथप्पा का यह भी मानना है कि केकेआर आगामी सीजन में अपनी कप्तानी में बदलाव कर सकती है। क्योंकि पिछले दो सत्र से कप्तान रहे अजिंक्य रहाणे असफल रहे हैं।

# बिजनेस

## वन नेशन, वन एक्सपो' थीम के तहत भारत बिल्डकॉन 2026 का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**






देश में निर्माण सामग्री और कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री को मजबूती देने के लिए 'वन नेशन, वन एक्सपो' प्रदर्शनी का गुरुवार को नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में उद्घाटन किया गया। पहले दिन यहां 25 हजार से अधिक आगंतुक प्रदर्शनी देखने आए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि भवन निर्माण सामग्री और निर्माण उद्योग के लिए आयोजित प्रदर्शनी भारत बिल्डकॉन 2026, 'वन नेशन, वन एक्सपो' का उद्घाटन नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा सांसद पुरुषोत्तम रूपाला ने निर्माण एवं भवन सामग्री उद्योग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय उद्योगों के लिए अवसरों के विस्तार में मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच बाजार पहुंच बढ़ने के साथ ही साथ व्यापार संबंधों के मजबूत होने की आशा है, जिससे भारतीय निर्माताओं और निर्यातकों के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे। जितिन प्रसाद ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का भी उल्लेख किया, जिसमें गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए भारत को भरोसेमंद वैश्विक विनिर्माण और सोर्सिंग गंतव्य के तौर पर स्थापित करने की बात कही गई है।

उन्होंने कहा कि भारत के पास निर्माण एवं भवन सामग्री सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए आवश्यक क्षमताएँ और संसाधन मौजूद हैं। प्रसाद ने कहा कि भारत बिल्डकॉन जैसे मंच निर्माताओं, नवप्रवर्तकों, खरीदारों, नीति-निर्माताओं और उद्योग हितधारकों के बीच संवाद को सुगम बनाते हैं, इसके साथ ही इस क्षेत्र में अधिक सहयोग और व्यावसायिक अवसरों के विस्तार में योगदान देते हैं। यह प्रदर्शनी आगामी दिनों में भी जारी रहेगी और उद्योग सहभागिता, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन तथा व्यावसायिक संवाद के लिए एक मंच प्रदान करेगी। मंत्रालय के मुताबिक भारत बिल्डकॉन 2026 में 90 से ज्यादा देशों और भारत के 100 से अधिक शहरों की भागीदारी है। इस प्रदर्शनी में सिरेमिक्स और स्टोन, हार्डवेयर, सीमेंट और स्टील, प्लाइवुड और लैमिनेट्स, फर्नीचर, सैनिटरीवेयर, इलेक्ट्रिकल्स, पेंट्स, निर्माण प्रौद्योगिकियों तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों सहित 24 खंडों में उत्पादों, तकनीकों और नवाचारों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शनी भारत के विभिन्न हिस्सों और विदेशों से आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, डेवलपर्स, ठेकेदारों, निर्माताओं, व्यापारियों, नीति-निर्माताओं, उद्योग संघों तथा अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को एक साथ लाती है, जिससे उद्योग के बीच संवाद और व्यावसायिक सहयोग के लिए एक मंच उपलब्ध होता है।

## प्रह्लाद जोशी ने अनाज भंडारण के लिए स्मार्ट वेयरहाउसिंग सिस्टम को किया लॉन्च


**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को अनाज भंडारण के लिए स्मार्ट वेयरहाउसिंग सिस्टम को लॉन्च किया। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि देश के अनाज भंडारण सिस्टम को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय खाद्य मंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक समारोह में अनाज भंडारण के लिए एक 'स्मार्ट वेयरहाउसिंग सिस्टम' को लॉन्च किया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) ने पब्लिक सेक्टर की सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (सीडब्ल्यूसी) के 216 अनाज भंडारण गोदामों में इन्वेंट्री और कामकाज पर रियल-टाइम नजर रखने के लिए इस स्मार्ट वेयरहाउसिंग सिस्टम को लॉन्च किया है। इस सिस्टम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। यह सिस्टम सार्वजनिक क्षेत्र में अनाज भंडारण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर आधारित है, इस तकनीकों का दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। मंत्रालय ने कहा कि इस टेक्नोलॉजी-आधारित सिस्टम से ऑपरेशनल क्षमता में काफी सुधार होने की उम्मीद है। इससे गाड़ियों के टर्नअराउंड टाइम (टीएटी) में कमी आएगी, पारदर्शिता बढ़ेगी, नियमों के पालन की निगरानी मजबूत होगी, मैनपावर की प्रोडक्टिविटी बेहतर होगी, खतरों का जल्द पता चल सकेगा और वेयरहाउस ऑपरेशन्स की रियल-टाइम जानकारी मिल सकेगी।

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स में 711 अंकों की गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। शुरुआत बेहद खराब रही है। भारी बिकवाली देखने को मिली, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी धड़ाम हो गए। इस वजह से बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 710.77 अंक यानी 0.92 फीसदी की गिरावट के साथ 76,699.20 के स्तर पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 194.20 अंक यानी 0.80 फीसदी फिसलकर 23,973.80 के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है। आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा करीब 6 फीसदी तक की गिरावट है। इंफोसिस के शेयर में 8 फीसदी, टीसीएस 6 फीसदी, टेक महिंद्रा 6 फीसदी और एचसीएल टेक शेयर में 5 फीसदी तक गिरावट है। वहीं, भारतीय मुद्रा रुपया शुरुआती कारोबार में 10 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.30 पर कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को शेयर बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 254.36 अंक यानी 0.33 फीसदी की उछाल के साथ 77,409.98 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 82.30 अंक यानी 0.34 फीसदी चढ़कर 24,168 के स्तर पर बंद था।

## एचडीएफसी बैंक के अंतरिम चेयरमैन केकी मिस्त्री का कार्यकाल तीन महीने बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली** । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के अंतरिम अंशकालिक चेयरमैन के रूप में केकी मिस्त्री के कार्यकाल को 3 महीने तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''आरबीआई ने बैंक के आवेदन पर 18 जून को प्राप्त संचार के माध्यम से यह मंजूरी दी गई है।'' बैंक ने बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने केकी मिस्त्री के पार्ट-टाइम चेयरमैन के तौर पर कार्यकाल को तीन महीने बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। यह कार्यकाल 18 सितंबर, 2026 तक या किसी रेगुलर पार्ट-टाइम चेयरमैन की नियुक्ति होने तक (इनमें से जो भी पहले हो) बढ़ाया गया है। बैंक ने गुरुवार को जारी बयान में यह भी बताया कि उसके निदेशक मंडल ने बैंक की 32वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 5 अगस्त को आयोजित करने को मंजूरी दी है। इस एजीएम में 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 13 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश भुगतान को भी मंजूरी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि केकी मिस्त्री, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड, द ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी लिमिटेड, केएटीबी कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड, ब्रूकप्रॉप मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी सदस्य हैं।

## जैविक खेती के दम पर पूर्वोत्तर में भारत का अगला ग्रोथ इंजन बनने की क्षमता: वित्त मंत्री सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र अपनी सतत कृषि एवं जैविक उत्पादों की ताकत का उपयोग करके भारत का अगला विकास इंजन बनने की क्षमता रखता है। मेघालय राज्य वैश्विक बाजारों में अपने भरोसे के कारण इस क्षेत्र का नेतृत्व करने की विशेष स्थिति में है। मेघालय के री-भोई जिले के भोइरिमबोंग में नॉर्थ-ईस्ट की सबसे बड़ी ऑर्गेनिक मसाला प्रोसेसिंग यूनिट के उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि का भविष्य अब केवल अधिक उत्पादन करने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि बेहतर, स्वच्छ, भरोसेमंद और प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद देने वालों के हाथों में है। वित्त मंत्री ने कहा कि जब मेघालय के किसान आगे बढ़ेंगे, तो पूरा पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा।

जब पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा, तो भारत की विकास यात्रा को एक नया इंजन मिलेगा। सीतारमण ने मेघालय सरकार, महिला समूहों और उद्यमियों को राज्य में जैविक कृषि आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी। उन्होंने मेघालय की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि राज्य को बड़े कृषि राज्यों के साथ मात्रा के आधार पर प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भविष्य भरोसेमंद गुणवत्ता एवं भरोसेमंद उत्पादकों का है।

फिल्म

# टाइगर प्रिंट ड्रेस में अभिनेत्री दिशा पाटनी ने दिए दिलकश पोज

अभिनेत्री दिशा पाटनी अपने स्टाइलिश लुक और खूबसूरती को लेकर खूब सुर्खियां बटोरती हैं। उनकी फिटनेस के फैंस कायल हैं। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वे बोल्ड पोज देती दिख रही हैं। दिशा पाटनी 34 वर्ष की हो गई हैं। अपने हालिया पोस्ट में उन्होंने कुछ दिलकश फोटोज शेयर किए हैं। दिशा टाइगर प्रिंट की वेस्टर्न ड्रेस पहने दिख रही हैं। उन्होंने अलग-अलग अंदाज में स्टाइलिश पोज दिए हैं। दिशा पाटनी ने बिल्ली के साथ भी पोज दिए हैं। उनका यह अंदाज देख कोई उन्हें शेरनी कह रहा है तो कोई उन्हें जंगली बिल्ली बता रहा है। कुछ नेटिजंस उनके पोस्ट पर मौनी रॉय को लेकर कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे है, तस्वीरों में मौनी रॉय भी होनी चाहिए थीं। बता दें कि दिशा और मौनी रॉय बेस्ट फ्रेंड हैं। दिशा के करियर की बात करें तो उन्होंने शुरुआत साल 2015 में आई तेलुगु फिल्म लोफर से की थी। इसमें उन्होंने मौनी नाम की एक लड़की का रोल निभाया था। साल 2016 में दिशा ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म एम.एस. धोनीः द अनटॉल्ड स्टोरी थी।





# रोते दिखे सनी देओल, सहमी सी दिखीं प्रीति जिंटा, सामने आया बंटवारा 1947 से स्टार कास्ट का दमदार लुक

सनी देओल और राजकुमार संतोषी का बॉक्स ऑफ़िस पर 100त्न सक्सेस रेट रहा है. एक्टर और डायरेक्टर की जोड़ी ने साथ में तीन फ़िल्में की हैं. अब ये बंटवारा 1947 (जिसका पहले नाम लाहौर 1947 था) के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर गर्दा उड़ाने की तैयारी कर रहे हैं. इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट हैं. इसे आमिर खान प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है. वहीं मेकर्स ने पावरफुल मोशन पोस्टर्स के बाद आज फिल्म की स्टार कास्ट के किरदारो का लुक रिवील किया है.

देश के बंटवारे की त्रासदी को बयां करती सनी देओल की इस फिल्म से मेकर्स ने इसके सभी किरदारों के लुक से पर्दा उठा दिया है. फिल्म में शबाना आजमी दुर्गावती देवी जिन्हें माई कहा जाता है के किरदार में दिखेंगी. पोस्टर में शबाना सफेद संग की साड़ी में नो मेकअप लुक में दिख रही हैं. उनके चेहरे पर दर्द भी नजर आ रहा है.सनी देओल बंटवारा 1947 के लीड हीरो हैं. यह फ़िल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी बताती है जिसने नफ़रत, हिंसा और डर के माहौल में हिम्मत और इंसानियत का साथ दिया बंटवारा 1947 में सनी देओल एक बार फिर दमदार किरदार में नजर आ रहे हैं. नए पोस्टर में एक्टर किसी का हाथ थामे हुए काफी इमोशनल दिख रहे हैं. फिल्म में सनी देओल सिंकदर मिर्जा का रोल प्ले करते नजर आएंगे. एक्टर के इस नए पोस्टर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट पीक पर पहुंचा दी है.फिल्म से प्रीति जिंटा का भी लुक रिवील कर दिया गया है. प्रीति सिर पर पल्लू लिए आंखों में दर्द छिपाए काफी परेशान सिर दिख रही हैं. बंटवारा 1947 में प्रीति हमीदा बेगम के किरदार में नजर आएंगीं. नए पोस्टर में करण देओल काफी इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं. सनी देओल के रियल लाइफ बेटे करण इस फिल्म में दमदार किरदार निभाते दिखेंगे. फिल्म में वे जावेद मिर्जा की भूमिका निभाएंगे.बंटवारा 1947 के नए पोस्टर्स में अली फजल का लुक भी रिवील किया गया है. अली फजल बढ़े हुए बालों के साथ कुछ अलग अंदाज में दिख रहे हैं. वे फिल्म में हबीब अनवर के किरदार में दिखेंगे. वे बंटवारे के टकरावों के बीच फंसे हुए शख्स नजर आते हैं फिल्म से अभिमन्यु सिंह का लुक भी सामने आ गया है. वे फिल्म में मेन विलेन का किरदार निभा सकते हैं.बता दें कि फिल्म की स्टार कास्ट का लुक रिवील करने के साथ ही कैप्शन में लिखा गया है, बंटी हुई दुनिया में, उनकी कहानी हिम्मत की मिसाल थी. मिलिए उन लोगों से जिन्होंने यह सब सहा. बंटवारा 1947, 14 अगस्त से सिनेमाघरों में.





# गोविंद नामदेव का मेरे साथ धोखा हुआ है, कहना बचकानी बातः अमित जानी



बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म काला हिरण की रिलीज से पहले, एक्टर और निर्माताओं के बीच का उभरा मतभेद खुले युद्ध में बदल गया है, जिसमें निर्माता अमित जानी ने एक चार मिनट का वीडियो जारी कर बॉलीवुड के अनुभवी अभिनेता गोविंद नामदेव पर गंभीर आरोप लगाए हैं और उनके बदले हुए रुख पर कड़ी नाराजगी जताई है। मेकर्स का दावा है कि गोविंद नामदेव पहले फिल्म का पूरा समर्थन कर रहे थे, लेकिन अब वे सार्वजनिक मंचों पर बिल्कुल अलग बयान दे रहे हैं। अमित जानी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यह मामला अब कानूनी रास्ते पर जाएगा और दोनों पक्ष अदालत में आमने-सामने होंगे। इस वीडियो के सामने आने के बाद, यह विवाद सोशल मीडिया पर तेजी से गरमा गया है और चर्चा का विषय बन गया है।वीडियो में अमित जानी ने गोविंद नामदेव पर हमला बोलते हुए कहा, ये सब क्या है? एक एक्टर जो है, उसकी रीढ़ की हड्डी इतनी कमजोर है कि वो एक मीटर की जीभ निकालकर किसी सुपरस्टार के पैरों की धूल चाटने में लगा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि जिस शूट के लिए उन्हें स्क्रिप्ट पढ़ाई गई थी, जिसमें 1998 से लेकर 2018 तक जोधपुर की अदालत में चले काला हिरण हत्या मामले के 20 साल के पूरे सीन को लगातार 3-4 दिन तक गोविंद नामदेव अदालत के सेट पर शूट करते रहे। अमित जानी ने सवाल उठाया कि क्या उन्हें नहीं पता था कि जीप पर खून लगा है और टायर में हिरण के बाल चिपके हैं? फिल्म के प्रोड्यूसर ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि गोविंद नामदेव, जो फिल्म में अयान खान नाम के शख्स के विरोध में खड़े होकर वकालत कर रहे हैं, उन्होंने सेट पर ब्लैकबक केस से जुड़ी हर चीज़ खुद अपने मुंह से बोली और क्रॉस-एग्जामिन की। अमित जानी ने जोर देकर कहा कि गोविंद नामदेव ने उस केस से जुड़े कितने ही डायलॉग लगातार बोले हैं। ऐसे में यह कहना कि उनके साथ धोखा हुआ है, बिल्कुल बचकानी बात है। अमित जानी ने सवाल किया कि क्या कोई एक्टर बिना स्क्रिप्ट के शूटिंग करता है? ये इतने बड़े आर्टिस्ट हैं, बिना स्क्रिप्ट के तो काम नहीं कराया गया। जो ये डायलॉग बोल रहे थे, वो क्या इनका जिन बोल रहा था? क्या ये कोर्ट में गनपॉइंट पर खड़े थे? अमित जानी ने यह भी स्पष्ट किया कि फिल्म का टाइटल ही काला हिरण है और यह 1998 के केस से प्रेरित है। उन्होंने बताया कि गोविंद नामदेव ने न सिर्फ इस फिल्म के लिए बल्कि काला हिरण फिल्म के दूसरे पार्ट के लिए भी एग्रीमेंट साइन किया है। प्रोड्यूसर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि गोविंद नामदेव ने उनसे साइन किया गया एग्रीमेंट तोड़ा है और फिल्म व प्रोडक्शन हाउस की बदनामी की है, जिससे उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने दो टूक कहा कि गोविंद नामदेव ने यह बयान सिर्फ इसलिए दिया, क्योंकि वह सलमान खान की नजरों में अच्छा दिखना चाहते हैं। अमित जानी ने चेतावनी देते हुए कहा, सेट पर 12-12 घंटे की शिफ्ट देने के बाद आप ये कह रहे हैं कि मुझे नहीं पता था तो ये जो आप बचकानी बात कर रहे हैं, इसके लिए हम आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने जा रहे हैं। बता दें कि अभिनेता गोविंद नामदेव इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म काला हिरण को लेकर गहरे विवादों में घिर गए हैं। फिल्म के टीजर रिलीज के बाद उन्होंने मेकर्स पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह सलमान खान के खिलाफ कभी नहीं जा सकते।



# ग्राम चिकित्सालय- 2 में मेरा किरदार नई जिम्मेदारियों और बड़ी चुनौतियों का सामना करेगा : आकांक्षा रंजन कपूर

अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर अपने वेब शो ग्राम चिकित्सालय के दूसरे सीजन की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने शो के नए सीजन में अपने किरदार के सफर को लेकर खुलकर बात की। साथ ही बताया कि इस बार क्या खास है। अभिनेत्री ने बताया कि दूसरे सीजन में उनका किरदार गार्गी पहले से अधिक जिम्मेदारियों का सामना करता नजर आएगा। साथ ही, उसे कई कठिन और जटिल फैसले भी लेने पड़ेंगे, जो उसके किरदार के साथ कहानी को और भी दिलचस्प बनाएंगे। इस बारे में बात करते हुए आकांक्षा रंजन कपूर ने कहा, डॉ. गार्गी का किरदार निभाने का सबसे संतोषजनक पहलू यह रहा कि दर्शकों ने उससे गहरा जुड़ाव महसूस किया और भरपूर प्यार दिया। पहले सीजन में गार्गी को एक ईमानदार, सरल और जमीन से जुड़ी हुई महिला के रूप में दिखाया गया था और मुझे लगता है कि दर्शकों ने उसकी इसी सच्चाई से खुद को जोड़ा। यह देखकर खुशी होती है कि लोगों का यह प्यार और अपनापन दूसरे सीजन में उसके किरदार के और बड़े सफर का हिस्सा बना है। उन्होंने आगे कहा, दूसरे सीजन में गार्गी पहले से कहीं अधिक जिम्मेदारियों का सामना करती नजर आएगी। उसे कई जटिल फैसले लेने पड़ते हैं और ऐसी चुनौतियों से गुजरना पड़ता है, जो उसके सिद्धांतों और विश्वासों की वास्तविक परीक्षा लेती हैं। एक कलाकार के तौर पर ऐसे शो का हिस्सा बनना बेहद संतोषजनक है, जो गहराई वाली कहानियां प्रस्तुत करता है और अपने किरदारों को विकसित होने का पूरा अवसर देता है।ग्राम चिकित्सालय के पहले सीजन को झारखंड के भाठकांडी गांव में ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के यथार्थवादी और संवेदनशील चित्रण के लिए काफी सराहना मिली थी। पहले सीजन में आकांक्षा रंजन कपूर ने स्थानीय डॉक्टर डॉ. गार्गी के किरदार को प्रभावशाली ढंग से निभाया।शो की कहानी का बड़ा हिस्सा अब उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमता नजर आएगा, जिससे आकांक्षा रंजन कपूर की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। ग्राम चिकित्सालय का दूसरा सीजन 23 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा।



# ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से परेशान? तो छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है चावल का यह घरेलू उपाय

आज के समय में साफ और चमकदार त्वचा हर कोई चाहता है, लेकिन धूल, मिट्टी, पसीना और बढ़ते प्रदूषण की वजह से चेहरे पर कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इनमें ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स सबसे आम परेशानी हैं। ये छोटे-छोटे दाने अक्सर नाक, ठुड्डी और माथे के आसपास दिखाई देते हैं। इनकी वजह से चेहरा साफ दिखने के बजाय बेजान नजर आने लगता है। कई लोग इन्हें हटाने के लिए महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदते हैं, लेकिन कुछ आसान घरेलू तरीके भी त्वचा की सफाई में मदद कर सकते हैं। ऐसा ही एक तरीका चावल से तैयार किया गया स्क्रब है, जो चेहरे पर जमा गंदगी को साफ करने में सहायक माना जाता है। त्वचा के रोमछिद्रों



में जब प्राकृतिक तेल (सीबम), धूल-मिट्टी और मृत कोशिकाएं जमा हो जाती हैं, तब ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स की समस्या उत्पन्न होती है। जब रोमछिद्र खुले होते हैं और यह जमा गंदगी हवा के संपर्क में आती है, तो ऑक्सीकरण के कारण इसका ऊपरी हिस्सा काला पड़ जाता है, जिसे ब्लैकहेड्स कहते हैं। इसके विपरीत, जब यह गंदगी त्वचा के भीतर ही बंद रह जाती है, तो वह सफेद दाने के रूप में उभरती है, जिसे व्हाइटहेड्स कहा जाता है। इसलिए इनसे बचने के लिए चेहरे की नियमित सफाई बहुत जरूरी होती है।

चावल को त्वचा के लिए फायदेमंद माना जाता है क्योंकि इसके दाने त्वचा पर जमा गंदगी को धीरे-धीरे हटाने में मदद करते हैं। जब चावल को हल्का दरदरा पीसा जाता है, तो उसके छोटे-छोटे कण चेहरे की ऊपरी परत पर जमी मृत त्वचा को साफ करने का काम करते हैं। इससे त्वचा पहले से ज्यादा साफ और ताजा महसूस होती है। इस स्क्रब को बनाने के लिए सबसे पहले थोड़ा चावल लेकर उसे मिक्सर में हल्का पीस लें। ध्यान रखें कि चावल पूरी तरह पाउडर न बन जाए। इसके बाद इसमें थोड़ा कच्चा दूध मिलाएं। दूध त्वचा को मुलायम रखने में मदद करता है और चेहरे पर जमी गंदगी की पकड़ ढीली करता है। फिर इसमें थोड़ा गुलाब जल मिला लें। गुलाब जल त्वचा को ठंडक और ताजगी देने के लिए जाना जाता है। इन तीनों चीजों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। जब यह पेस्ट तैयार हो जाए तो इसे चेहरे पर लगाएं। इसके बाद हल्के हाथों से गोल-गोल घुमाते हुए कुछ मिनट तक मसाज करें। नाक के आसपास के हिस्से पर थोड़ा ज्यादा ध्यान दें, क्योंकि ब्लैकहेड्स सबसे ज्यादा वहीं दिखाई देते हैं। चावल के छोटे कण त्वचा की ऊपरी परत पर जमी गंदगी और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद करते हैं। मसाज करने के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें। स्क्रब करने के बाद त्वचा को नमी की जरूरत होती है, इसलिए मॉइस्चराइजर लगाने से त्वचा मुलायम बनी रहती है।

# अगले साल शुरू हो सकती है गदर 3 की शूटिंगः अनिल शर्मा

बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म गदरः एक प्रेम कथा के 25 साल पूरे होने के मौके पर फिल्म डायरेक्टर अनिल शर्मा ने गदर 3 को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने बताया है कि अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होने की पूरी संभावना है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। साल 2001 में रिलीज हुई गदरः एक प्रेम कथा को लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और यह इतनी बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी कि इसका सीक्वल बनाना तय था। गदर 2 ने भी सिनेमाघरों में धमाकेदार कमाई की और पहले पार्ट की सफलता को दोहराया। अब, जबकि गदर 2 की अपार सफलता के बाद लोग बेसब्री से इसके तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं, अनिल शर्मा का यह बयान फैंस के लिए एक उम्मीद की किरण लेकर आया है। अनिल शर्मा ने



गदर के 25 साल पूरे होने पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि इतने वर्षों के बाद भी लोग इस फिल्म को भूल नहीं पाए हैं। उन्होंने दावा किया कि गदर को उस वक्त तकरीबन 10 करोड़ लोगों ने थिएटर में देखा था और आज तक किसी फिल्म ने इतने फुटफॉल्स का रिकॉर्ड नहीं बनाया है। उन्होंने यह भी बताया कि गदर 2 ने भी उतनी ही बड़ी सफलता हासिल की थी, जो इस फ्रेंचाइजी की अदम्य लोकप्रियता का प्रमाण है। यह खास बात है कि गदरः एक प्रेम कथा आमिर खान की लगान के साथ रिलीज हुई थी, लेकिन दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की थी। जब उनसे गदर 3 को लेकर सवाल किया गया, तो अनिल शर्मा ने साफ किया कि गदर 3 के लिए उन्हें न्यूक्लियर बम जैसी कहानी का इंतजार है। इस बयान से यह स्पष्ट होता है कि वे किसी साधारण स्क्रिप्ट पर काम नहीं करना चाहते, बल्कि उन्हें एक ऐसी कहानी चाहिए जो पहले के दो हिस्सों की तरह ही दमदार, भावनात्मक और बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाली हो। उन्होंने बताया कि इस वक्त स्क्रिप्ट पर काम किया जा रहा है और अगर उन्हें ऐसी ही कोई जबरदस्त कहानी मिल जाती है और सब ठीक रहता है, तो अगले साल फिल्म फ्लोर पर यानी शूटिंग शुरू होने के लिए तैयार होगी। गदर फ्रेंचाइजी की सफलता का एक बड़ा श्रेय तारा सिंह और सकीना की अद्वितीय प्रेम कहानी और सनी देओल और अमीषा पटेल की केमिस्ट्री को जाता है।

# Tuljabhavani Temple introduces unified darshan system

**Chhatrapati Sambhajinagar, Agency:** In a major overhaul of the darshan management system at the Shri Tuljabhavani Temple, devotees holding donation darshan passes and those in the general dharmadarshan queue will now be allowed darshan from the same location, eliminating the difference in viewing points that existed earlier. The new arrangement came into effect on Thursday.The Shri Tuljabhavani Temple Sansthan has introduced the changes in view of the growing number of devotees visiting the shrine and to streamline crowd management.



Dharashiv district collector Keerthi Kiran Pujar said that under the revised system, devotees holding Rs500 donation darshan passes and referral donation darshan passes will enter the temple through the Raje Shahaji Mahadwar. They will then be guided via the Kallol Tirth side and Tolbhairav steps to the third floor of the Darshan Mandap before being taken to the first floor. Devotees holding Rs200 donation darshan passes will be allowed entry through the Bidkar steps and the emergency gate leading to the first floor of the darshan mandap.

Those arriving for dharmadarshan will enter through the Bidkar steps and proceed to the fourth floor of the darshan mandap. The Rs500, Rs 200 and dharmadarshan queues will thereafter merge in the underground passage on the first floor, from where devotees will be allowed darshan of the deity in a uniform manner. The mukhdarshan queue will continue to be routed through the Bidkar steps to the ground floor of the darshan mandap. Arrangements for Singhasan puja and Abhishek puja will remain unchanged. The Singhasan puja queue will enter through the Datt Mandir gate, while the Abhishek puja queue will proceed through the Chhatrapati Sambhaji Maharaj prangan.

## 'Monster bites back': India slams 'Frankenstein' Pakistan over terror links; calls Indus Waters Treaty outdated at UNHRC



**New Delhi, Agency:** India launched a sharp attack on Pakistan at the 62nd Session of the United Nations Human Rights Council (UNHRC), describing it as a "Frankenstein state" that nurtured terrorism as state policy and was now facing the consequences of its own actions. Exercising India's right of reply during the interactive dialogue on the UN high commissioner's annual report, first secretary at India's permanent mission to the United Nations, Anupama Singh, rejected Pakistan's allegations against India and criticised Islamabad's repeated attempts to raise the issue of Jammu and Kashmir at international forums.

"This is the country where the sitting defence minister boasts of hosting, training and deploying terrorists as a state policy, and yet Pakistan calls itself a victim of terrorism, indeed a paradox which only Pakistan could sustain. It is a living example of a Frankenstein state, which is shocked when its own monster bites back," Singh said.

India also rejected references to Jammu and Kashmir made by Pakistan and the Organisation of Islamic Cooperation (OIC), accusing Islamabad of using international platforms to divert attention from its domestic challenges and record on terrorism.

"India is compelled to exercise its right of reply in response to references made to it by Pakistan and the Organisation of Islamic Cooperation. We categorically reject the baseless and malicious allegations made by Pakistan. We also categorically reject the references to J&K made by the OIC. Pakistan's propaganda is designed to mask its domestic failures and support for terrorism. Its misuse of the OIC Coordinator's role only reinforces this deception," Singh said. Reiterating New Delhi's position on Jammu and Kashmir, Singh said the Union Territory remained an integral part of India. "Jammu and Kashmir was, is and will always remain an integral and inalienable part of India. The only unresolved issue is Pakistan's illegal occupation of Indian territories and their return," she said.

The Indian diplomat also raised concerns over the situation in Pakistan-occupied Jammu and Kashmir (PoJK), alleging repression and human rights violations in the region. Referring to recent unrest in Rawalakot, Singh said, "The ongoing tragedy in Rawalakot, the killing of hundreds of civilians and the brutal crackdown across Pakistan-occupied Jammu and Kashmir are the predictable outcome of a system built on forcible occupation and sustained through repression."

## Government: Significant progress already made on interim US FTA



**New Delhi, Agency:** A day after PM Modi's meeting with US President Trump, govt said on Thursday that significant progress had already been made on the India-US interim free trade bilateral agreement and the two countries are in the final stages of concluding that agreement. Briefing reporters about Modi's G7 engagements, foreign secretary Vikram Misri also said India expects the US-Iran interim peace agreement to lead to sustained peace and stability in the region.

Misri said both leaders once again gave instructions to officials to conclude the trade agreement at the earliest. "Next week, in fact, US trade representative Jameson Greer will be visiting India to take forward these discussions and in the bilateral meeting between the PM and President Trump yesterday in Evian,



## Prime suspect in Sikh couple murder case in Pakistan arrested

**New Delhi, Agency:** Police have arrested the prime suspect in the double murder case involving a Sikh caretaker couple who were shot dead at a gurdwara in Pakistan's Khyber Pakhtunkhwa province, officials said.

Jagannath and wife Asma Wanti served as caretakers of the gurdwara at Babu Mohalla in Mardan district, about 60 km northwest of Peshawar. They were shot dead on Wednesday.

Addressing a press conference on Thursday, Mardan District Police Officer (DPO) Masood Ahmad Bangash said the prime suspect in the case had been arrested. The suspect has been identified as Sher Shah, a resident of Amazugari. Bangash said investigations conducted by a Joint Investigation Team (JIT), comprising police officials, Counter-Terrorism Department (CTD) personnel and other senior authorities, have so far found no evidence linking the suspect to any banned outfit, terrorist organisation or organised network.

The motive behind the killings remains unclear, and authorities are examining all possible angles in light of the suspect's statements and other evidence collected so far, the DPO said.

## 1 in 3 lawyers fake, Supreme Court to look at digital registry

**New Delhi, Agency:** With one in every three advocates being fake at a time when the judiciary is occupying a central space in India's governance, a concerned Supreme Court Thursday agreed to examine the plea of the Bar Association of India (BAI) for a national digital register for advocates along the lines of Aadhaar.



"Judicial independence of the legal profession is at stake," said BAI's counsel Prashant Kumar and Vipin Nair, while drawing the court's attention to the Bar Council of India (BCI) chairperson's recent statement that approximately 35-40% of those practising in courts may be without genuine degrees.

The counsels told a bench of CJI Surya Kant and Justice V Mohana periodic drives by BCI for the verification of degrees of advocates is an ad hoc measure to address the problem of fake lawyers and suggested the creation of a permanent technology-driven infrastructure in the form of a National Digital Registry for the Legal Professionals.

CJI Kant said the suggestion appeared to be an innovative one, which could be implemented with the help of technology, but it would require the impleadment of all universities which confer law degrees and instructing them to reveal the list of those who had genuinely secured the requisite qualifications to practise in courts. The bench sought responses from the Union govt, BCI, University Grants Commission and state bar councils to the PIL.

## HDFC said to have put freeze on TMC account, Didi's faction denies it



**Kolkata, Agency:** Former West Bengal sports minister Aroop Biswas - now being probed for last Dec's "Messigate" at Salt Lake stadium - wrote a letter six days ago to HDFC Bank, asking for the party's account to be frozen.

The letter, to the bank's Central Plaza branch, sought a "freeze" till "competent authorities" could decide who controlled the party. Aroop's letter - dated June 12 though it was received by the bank on June 16 - became public knowledge Thursday, the day he presented himself to cops for the probe in the "Messigate" affair.

Biswas's letter was written a week after the Trinamool national working committee on June 5 removed him as the party's treasurer and replaced him with ex-MP Subhasish Chakraborty. Party seniors said they had told HDFC Bank about the change.

Biswas on Thursday refused to comment on the letter. He has skipped all party meetings at former CM Mamata Banerjee's residence after the May 4 poll defeat. His brother, Swarup Biswas, is now in police custody after being implicated in a host of corruption- and extortion-related cases.

## Udgir-based ganja kingpin on EAGLE radar after 200kg haul'



**Hyderabad, Agency:** Investigators are looking for Udgir-based Prabhu, who is allegedly a key procurer of ganja and is wanted in several cases, in connection with the 200 kg ganja seizure made by EAGLE sleuths two days ago.

Officials said that Vasantha Jadhav, who was caught recently, is a repeat offender. "On the instructions of Prabhu from Udgir in Maharashtra, she managed to transport 100 kg of ganja on two separate occasions recently. It was on the third occasion that we caught her after a tip-off that she was again involved in transporting ganja," police said.

Investigators said that Prabhu and Vasantha are actively involved in procuring ganja and supplying it in Nanded, Latur, Nizamabad and several other surrounding districts. She had previously been arrested by the Latur police for drug trafficking. "On the instructions of Prabhu, she hired a commercial transport vehicle at Bodhan and travelled in another vehicle as a pilot," officials said.

They were sourcing large quantities of ganja from Andhra Pradesh and Odisha. "Prabhu finances his gang members in arranging the logistics. Once he receives ganja in bulk, Vasantha and her associate Ansari are paid 10,000 per kg," she said in her confession. She was wanted in a case registered in Nalgonda district, and police had kept her under surveillance for a long time after she was released from a Maharashtra jail.

## FIRs against principals of 14 illegal schools in Malwani

**Mumbai, Agency:** An FIR was registered against the principals of 14 schools in Malwani by the local police after a complaint was given by the BMC's private primary schools department that the institutions were illegal. As per the complaint, the BMC found a total of 164 primary schools in Mumbai in 2025-26 that were illegal. Of these, 14 were located in Malwani. The BMC sent notices to



the principals of these 14 schools in March 2026 and asked them to give an explanation within a week as to why the schools should not be shut down. But the principals did not get back and continued to operate the schools. Subsequently, a list of the 14 schools with their names and addresses was communicated to the Malwani police along with a copy of the notices served to them.

## Iranian petroleum minister to visit India next week, amid hopes of Iranian oil surge

With the US-Iran interim peace agreement likely to issue waivers to allow Iran to export crude, Tehran is hoping to again emerge as a top supplier to India. Significantly, official sources said, Iran is sending petroleum minister Mohsen Paknejad to India next week for a BRICS energy meeting.

Apart from participating in the meeting, he is also likely to have a bilateral meeting with his counterpart Hardeep Puri, although official sources said this is yet to be confirmed. Iranian ambassador to India



Mohammad Fathali told a news agency Thursday that India required reliable, stable, and affordable energy supplies, and Iran possesses extensive capabilities to meet these needs. If sanctions are lifted, he said, there is no doubt that Iran can once again become one of India's "principal oil suppliers."

Iran was among India's top crude suppliers till 2019, when the latter stopped importing because of US sanctions even though many Indian refineries were configured to process Iranian crude.

"India has historically been one of Iran's most important oil customers, and energy cooperation between our two countries has a long and successful track record. We hope that with the complete removal of sanctions, not only will Iranian oil exports to India resume, but bilateral trade and joint investments will also surpass their previous peak levels and reach a scale commensurate with the true potential of our two countries," Fathali told Media. While Iranian crude can help India expand its energy portfolio, the Indian government is hoping that the lifting of sanctions would also allow India to expand work on the Chabahar port, its strategic gateway to Afghanistan and Central Asia that bypasses Pakistan.